रोहतक, मंगलवार 13 मई 2025 ■ ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष-प्रतिपदा ■ वर्ष : 29, अंक : 102 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 3.00 मौसम अधि. 40.4, न्यून. 20.7 haribhoomi.com

OPERATION SINDOOR
जय हिंद - जय भारत

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

भारत-पाकिस्तान तनाव के कारण बंद किए गए 32 हवाई अड्डों को आज से फिर चालू करने की तैयारी

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद मंगलवार से भाजपा देश में 11 दिवसीय तिरंगा यात्रा निकालेगी

सभी सीमाई राज्यों में हालात सामान्य, बाजार खुले लोगों ने ली राहत की सांस, हरियाणा, दिल्ली पंजाब समेत सभी राज्यों में सुरक्षा कड़ी

## पीएम मोदी ने सशस्त्रबलों को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर दी बधाई, कहा-जवानों की बहादुरी को देश की माताओं, बहनों व बेटियों को समर्पित करता हूं पहलगाम हमला आतंकवाद का सबसे बर्बर चेहरा था। मेरे लिए यह व्यक्तिगत पीड़ा थी। हमने जवानों को आतंकियों को मिट्टी में मिलाने की पूरी छूट दी।

प्रधानमंत्री ने देश को किया संबोधित, कहा- हमने पाक के सीने पर वार किया, दुनिया ने देखी हमारी ताकत

# पानी और खून एक साथ नहीं बहेंगे, न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा, हमने आतंकियों को घर में घुसकर मारा

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को पाकिस्तान के साथ सीजफायर के 51 घंटे बाद रात करीब 8 बजे देश को संबोधित किया। अपने 22 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री ने पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर, सीजफायर, आतंकवाद, सिंधु जल समझौते और पीओके पर बात की। उन्होंने कहा कि जिन आतंकियों ने हमारी मां-बहनों का सिंदूर मिटाया, हमने उन्हें मिटा दिया। हमारे ऑपरेशन में 100 से ज्यादा खूंखार आतंकवादी मारे गए हैं। पाकिस्तान की गुहार पर भारत ने संघर्ष रोकने की सहमति दी है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ मिलिट्री एक्शन को केवल स्थगित किया है। पाकिस्तान का रवैया देखकर आगे का एक्शन तय करेंगे। उन्होंने फिर हिमाकत की तो मुहतोड़ जवाब दिया जाएगा। मोदी ने पूरी दृढ़ता के साथ दो टूक शब्दों में कहा कि अब पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते। भारत किसी 'परमाणु ब्लैकमेल' को सहन नहीं करेगा। पाकिस्तान के खिलाफ अभियान को केवल स्थगित किया गया है और भविष्य पड़ोसी देश के व्यवहार पर निर्भर करेगा। पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों और उनके ठिकानों के खिलाफ शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पहली बार राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने देश के बहादुर सशस्त्र बलों, सैनिकों, वैज्ञानिकों और खुफिया एजेंसी को 'सेल्यूट' किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने भारत से सैन्य आक्रमण रोकने के लिए विनती की तथा भारत ने इस पर तभी विचार किया जब उन्होंने अपने दुस्साहस को रोकने का वादा किया।

- ▶▶ जिन आतंकियों ने हमारी मां-बहनों का सिंदूर मिटाया, हमने उन्हें मिटा दिया। हमारे ऑपरेशन में 100 से ज्यादा खूंखार आतंकी मारे गए, आतंकी ठिकाने ध्वस्त किए
- ▶▶ **पाक की गुहार पर भारत ने संघर्ष रोकने की सहमति दी। भारत ने मिलिट्री एक्शन को केवल स्थगित किया**
- ▶▶ पाकिस्तान का रवैया देखकर आगे का एक्शन तय करेंगे। फिर हिमाकत की तो मुहतोड़ जवाब दिया जाएगा




### हमने तीन लकीरें खींच दी

- **पहली :** आतंकी हमला हुआ तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। अपने तरीके से अपनी शर्तों पर जवाब देकर रहेंगे, हर उस जगह जाकर कठोर कार्रवाई करेंगे, जहां से आतंकी जड़ें निकलती हैं।
- **दूसरी :** कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा। उसकी आड़ में पनप रहे आतंकी ठिकानों पर भारत सटीक और निर्णायक प्रहार करेगा।
- **तीसरी :** हम आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे।

### आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाया

- हमने आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने के लिए हमारे सशस्त्र बलों को खुली छूट दे दी थी।
- 'ऑपरेशन सिंदूर' आतंकवाद के खिलाफ भारत की नई नीति है।
- हर आतंकवादी और आतंकवादी संगठन यह बात अच्छी तरह जान गया है कि 'हमारी मां-बेटियों के माथे से सिंदूर मिटाने का क्या अंजाम होता है ?'
- 'ऑपरेशन सिंदूर' केवल एक नाम नहीं है, बल्कि यह 'न्याय के प्रति एक अखंड प्रतीज्ञा' है और इसके माध्यम से पूरे विश्व ने इस अखंड प्रतिज्ञा को कार्रवाई में बदलते देखा है।
- भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में आतंक के ठिकानों पर, ट्रेनिंग सेंटर पर सटीक प्रहार किया।
- जब देश एकजुट होता है, राष्ट्र सर्वोपरि होता है तो फौलादी फैसले लिए जाते हैं।
- आतंक के अड्डों पर भारत की मिसाइलों व ड्रोंस ने हमला बोला तो आतंकी संगठनों की इमारतें ही नहीं, हौसला भी थर्रा गया।

### पहलगाम हमले ने पूरी दुनिया को झकझोरा

मोदी ने कहा, पहलगाम में 22 अप्रैल को जो हुआ, उसने देश और पूरी दुनिया को झकझोर दिया। मासूम नागरिकों को उनका धर्म पूछकर, उनके परिवार के सामने क्रूरता से मार दिया गया। उनके लिए व्यक्तिगत रूप से यह पीड़ा बहुत बड़ी थी। इस घटना के बाद पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ खड़ा हो गया। 'मैं सशस्त्र बलों की इस बहादुरी को, इस देश की माताओं, बहनों और बेटियों को समर्पित करता हूं।' पहलगाम की घटना में आतंकवाद का 'वीभत्स चेहरा' सामने आया।

लगातार तीसरे दिन तीनों सेनाओं ने की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस

बोले- 'भय बिनु होए न प्रीति'

## आतंकियों के खिलाफ लड़ाई को पाक सेना ने अपना बना लिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर भारतीय सेना ने सोमवार को लगातार तीसरे दिन भी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। आर्मी के डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, नेवी के वाइस एडमिरल एएन प्रमोद और एयरफोर्स से एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर 32 मिनट तक फिर जानकारी दी। एयर मार्शल भारती ने अपनी बात की शुरूआत रामचरितमानस की चौपाई 'भय बिनु होय ना प्रीति से की। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई आतंकवादियों के साथ है। हमारी लड़ाई पाकिस्तानी मिलिट्री के साथ नहीं है, लेकिन पाकिस्तान की सेना ने आतंकियों का साथ दिया और उसने लड़ाई को अपना बना लिया। इसके बाद भारतीय सेनाओं ने भी उसका मुहतोड़ जवाब दिया। अपनी सेना के नुकसान के लिए वह खुद जिम्मेदार है।'



### अब याचना नहीं रण होगा...एयर मार्शल भारती

एयर मार्शल ए.के.भारती ने रामधारी सिंह दिनकर की कविता अब याचना नहीं रण होगा का जिक्र करते हुए सेनाओं का रुख साफ करते हुए कहा कि भारत और उसकी सेनाओं की लड़ाई आतंकवाद, आतंकवादियों के साथ है। 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। अभियान का पाक सेना से कोई लेना देना नहीं है।

### ले. जनरल घई ने किया क्रिकेट का जिक्र

ले. जनरल राजीव घई ने कहा, आज मैं इस युद्ध के अहम पहलू के बारे में बता रहा हूं। हमें एयर डिफेंस ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई को समझने की आवश्यकता है। मैंने कल बताया था कि पिछले कुछ सालों में आतंक की गतिविधियों के कैरेक्टर में बदलाव आ रहा था। इंटरनेशनल बाउंड्री से रडार, एयर डिफेंस सिस्टम, विटेंज एयर डिफेंस सिस्टम और मॉडर्न एयर डिफेंस सिस्टम की लेयर थी। इसे पारकर हमारी एयरफील्ड को अटैक करना उनके लिए मुश्किल था। उन्होंने क्रिकेट का जिक्र करते हुए कहा, 1974 में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज सीरीज खेली गई। उसमें ऑस्ट्रेलिया के दो तेज गेंदबाजों डेनिस लिली और जैफ थॉमसन ने इंग्लैंड को धराशाई कर दिया था।

### भारत-पाकिस्तान के डीजीएमओ ने की वार्ता

भारत-पाक के सैन्य संचालन महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच हॉटलाइन पर बातचीत हुई। दोनों पक्षों ने निरंतरता व प्रतिबद्धता के साथ सीमा पर एक भी गोली न चलाने और एक-दूसरे के खिलाफ आक्रामकता के साथ कोई प्रतिकूल कदम न उठाने के मुद्दों पर चर्चा की गई। दोनों ने तय किया कि सीमा और अग्रिम मोर्चों से सैन्य जमावड़े जैसे जवानों की तादाद घटाने के लिए तत्काल कदमों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### जम्मू-कश्मीर, पंजाब व राजस्थान में फिर ड्रोन दिखे, सांबा और बाड़मेर में मार गिराया

भारत- पाकिस्तान के बीच सीजफायर के लगातार तीसरे दिन जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान में ड्रोन दिखे। सोमवार की रात करीब 9 बजे जम्मू कश्मीर के सांबा, पंजाब के जालंधर, पठानकोट और राजस्थान के बाड़मेर में ड्रोन नजर आए। सांबा और पाठनकोट में भारतीय एयर डिफेंस ने ड्रोन को मार गिराया। वहीं, पंजाब के होशियारपुर में धमाके भी सुनाई दिए। पूरे जिले में ब्लैकआउट कर दिया गया। सेना ने रात 11:30 बजे बयान में कहा कि फिलहाल किसी दुश्मन के ड्रोन की सूचना नहीं है। स्थिति शांत और नियंत्रण में है।

SANSKARAM UNIVERSITY

Excellence in Higher & Technical Education -Times Power Award 2025

Best Emerging University in North India – Times Business Award 2025

UGC

Your Placement Our Responsibility

Academic Partners & Recruiters

Apple | Microsoft | aws academy | Wave Pharma Limited | Ria Generics Limited | grayquest | Airports Authority of India | Digital Kissan Farming | Radisson | Global Database Solutions | Bita Technologies | RK Life Care Inc | NPTEL



Hon'ble Governor of Haryana, Shri Bandaru Dattatraya, graciously felicitated Dr. Mahipal, Chancellor of Sanskaram University, in recognition of his outstanding contribution to the field of education.



Hon'ble Cabinet Minister and Former Chief Minister of Haryana, Shri Manohar Lal Khattar Ji, along with MP Shri Kartik Sharma Ji, presented the Haryana Gaurav Award to Dr. Mahipal, Chancellor of Sanskaram University.



Hon'ble Governor of Gujarat, Shri Acharya Devvrat, presented an award for contribution to Veterinary Sciences, accepted by Dr. Mahipal, Chancellor.



Hon'ble Chief Minister of Haryana, Shri Nayab Singh Saini, presented an award to Sanskaram University for contributions to education, received by Ms. Suman, Vice Chairman, and Mr. Yuvraj, Chief MD.



Hon'ble Governor of Uttarakhand, Shri Gurmit Singh, presented the Times Power Award to Sanskaram University, received by Ms. Suman, Vice Chairman, and Mr. Yuvraj, Chief MD, Sanskaram Group.

Admissions Open in 175+ Programs at DIPLOMA, UG, PG & Ph.D. Level

ENGINEERING AND TECHNOLOGY
B.Tech / M.Tech (CSE)
AI & ML | Cyber Security | Gaming (CSE)
Cloud Tech. & Information Security (CSE)
B.Tech / M.Tech | ECE | ME | CE | EE | IT
BCA | MCA

MANAGEMENT & COMMERCE
B.Com | M.Com
BBA (Hons) | Business Analytics
International Accounting & Finance
Logistics and Supply Chain Management
MBA MBA Executive

AGRICULTURE
B.Sc. (Hons) | M.Sc.

VETERINARY
B.V.Sc. & A.H | M.V.Sc. & A.H | VLDD | DVLT

LAW & LEGAL STUDIES
B.A. LL.B | BBA. LL.B | LL.B
LL.M | BA Legal Studies

HOTEL MANAGEMENT
BHM&CT | MHM&CT | BA (CULINARY ARTS)

B.Sc. / M.Sc. (APPLIED SCIENCE)
Physics | Chemistry | Mathematics | Botany
Zoology | Microbiology | Forensic Sci. | Genetics
Yoga | Nutrition & Dietician* | Biochemistry*
Environment Science* | Food Science & Tech.*
Clinical Psychology*

HEALTH & ALLIED SCIENCES
PHARMACY B. Pharm | D. Pharm
B.Sc. Radiography & Imaging Tech.
Operation Theater Tech.
Perfusion Tech. | Medical Lab Tech.
BPT (Bachelor of Physiotherapy)
D. Operation Theatre* | D. Medical Lab*
D. X-Ray Tech.* | D. Physiotherapy*
D. Radiology* | D. Dialysis Tech.*

BA / MA (LIBERAL EDUCATION)
Journalism & Mass Comm. | English
Geography | Psychology | Pol. Sci. | Yoga
Economics | Mathematics | Sociology
Education | Physical Education & Sports

GET A MACBOOK ON DAY 1 Enroll Now | B.Tech CSE Programme
1st Time in India for All Students

B.Voc / M.Voc
Interior Design | Fashion Design | Dialysis*
Computer Application | Optometry*
Medical Lab* | Cardiac Care* | Health Care
Hospital Mgt. | Physiotherapy Tech.*
Operation Theatre* | Health Sanitary*
Fire & Industrial Safety* | Mass Comm.*
Community Medical Service

Ph.D. Available in all the above Disciplines

SCAN FOR REGISTRATION

CAMPUS ADDRESS : N.H - 352, PATAUDA, DELHI-NCR, JHAJJAR (HARYANA)

**खबर संक्षेप**



## शिमला समझौता के लिए इंदिरा गांधी को माफ नहीं किया जा सकता : विज

**चंडीगढ़।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इंदिरा गांधी के समय पर जितना नुकसान देश का किसी ने नहीं किया। सीजफायर के बाद विपक्ष द्वारा विशेष सत्र बुलाए जाने की मांग पर भी अनिल विज ने विपक्ष को साफ संदेश में कहा कि जो सीक्रेट बातें है, वहां उनको डिस्क्लोज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि शिमला समझौता के लिए उन्हें (इंदिरा गांधी) कभी माफ नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि हमें उस वक्त मांग रखनी चाहिए थी कि हमारा पीओके हमे दे दो, तो अपने आप लड़ाई खत्म हो जाएगी। अनिल विज ने कहा कि हिंदुस्तान और पाकिस्तान के बीच अभी सीजफायर ही हुआ है, लड़ाई खत्म नहीं हुई।

### हरियाणा कौशल रोजगार निगम निभाएगा भूमिका

# पैरामेडिकल स्टाफ की बढ़ती मांग, अब नर्सों को यूरोप के देशों में भेजेगी सरकार

- युवाओं को एचकेआरएन के माध्यम से विदेश भेजा जाएगा
- स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर से बेहतर देने के क्रम में नर्सों की मांग बढ़ रही

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

अब सूबे की सरकार पैरामेडिकल स्टाफ की बढ़ती मांग को देखते हुए यूरोप के देशों में भेजने का काम करेगी, यह कार्य एचकेआरएन के माध्यम से होगा। खासतौर पर पैरामेडिकल स्टाफ में नर्सों की डिमांड को देखते हुए वहां जाने के इच्छुक युवा वर्ग को भेजने की तैयारी है। स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर से बेहतर देने के क्रम में नर्सों की मांग बढ़ रही है, साथ ही अन्य पैरामेडिकल स्टाफ की भी भारी डिमांड है। राज्य की नायब सैनी सरकार नर्सों को यूरोप के देशों में भेजने की तैयारी कर रही है। जो नर्से यूरोपीय देशों में जाकर नौकरी करना चाहती हैं, उन्हें वहां भेजने में सरकार मदद करेगी।

हरियाणा सरकार नर्सों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से वहां भेजने का काम करेगी। इससे पहले भी हरियाणा के सैकड़ों युवाओं को सरकार काम के लिए इजराइल भेज चुकी है। बताया जा रहा है कि सरकार की कोशिश है कि जो युवा विदेश में जाकर काम करना चाहते हैं, उनको वैध तरीके से विदेश भेजा जाए ताकि वे गलत तौर तरीकों से भेजने वालों के रैकेट में नहीं फंसे साथ ही ठगी का शिकार न बना सके। सूत्रों का कहना है कि राज्य सरकार का यह विभाग एचकेआरएन लगभग 2 हजार नर्सों को यूरोपीय देशों में भेजने के लिए होमवर्क पूर्ण कर चुका है। इतना ही नहीं इसके अलावा सरकार ने अरब देशों के लिए हैवी वाहन ड्राइवरों के लिए आवेदन भी मांगे हुए हैं।

### जर्मनी, नीदरलैंड व स्विट्जरलैंड में मौका



यूरोपीय देशों में नर्सों की सबसे ज्यादा डिमांड जर्मनी और नीदरलैंड, स्विट्जरलैंड अन्य देशों में ज्यादा है। नर्सों को अच्छा वेतन दिया जाता है, विशेष रूप से उन नर्सों के लिए रोजगार में लगातार आगे बढ़ने के चांस बने रहते हैं, जो अंग्रेजी या अन्य यूरोपीय भाषा बोलने में कुशल हैं। राज्य सरकार अपने यहां लगातार नर्सिंग कोर्स को बढ़ावा दे रही है। पिछले साल फरवरी में 1,365 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र जारी किए गए थे। यह बात अलग है कि अपने देश और स्वास्थ्य विभाग में भी हमेशा ही नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी बनी रहती है।

**ऑनलाइन**

### आवेदन करें युवा

समाज के सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित उम्मीदवारों के उत्थान के लिए सरकार ने 13 अक्टूबर, 2021 को कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड की शुरुआत की थी। युवाओं को काम उपलब्ध कराने की एजेंसी के रूप में काम करेगा। ज्यादा जानकारी लेने के लिए **hkrn.gov@gmail.com** पर ईमेल कर सकते हैं। अगर आवेदन करना है तो **hkrnl.itiharyana.gov.in** पर जाकर इच्छुक उम्मीदवार रजिस्ट्रेशन कर सकता है।

# ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने चरखी-दादरी सिटी के जेई को निलंबित किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने ड्यूटी में लापरवाही व बिजली कनेक्शन जारी करने के कारण निगम को होने वाले नुकसान के मद्देनजर आज चरखी-दादरी सिटी के कनिष्ठ अभियंता (जेई) राजेन्द्र सिंह को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक को दिए हैं। कनिष्ठ अभियंता राजेन्द्र सिंह एसडीओ, ओपी, चरखी दादरी के अंतर्गत एएफएम/एरिया-इंचार्ज के रूप में तैनात है। उन पर ड्यूटी में लापरवाही का आरोप है।

**कनेक्शन जारी करने में लापरवाही पर कार्रवाई**

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, चरखी दादरी के एक्सईन ओपी डिवीजन द्वारा चीफ इंजीनियर/ओपी सर्कल, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, भिवानी को सौंपी गई तथा ऊर्जा मंत्री के कार्यालय में प्राप्त चार्ज शीट को मद्देनजर रखते हुए राजेन्द्र सिंह को निलंबित करने के आदेश डीएचबीवीएनएल के प्रबंध निदेशक को दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि इस चार्ज शीट में राजेन्द्र सिंह पर आरोप है कि विद्युत कनेक्शन जारी करने में कर्तव्य की उपेक्षा और लापरवाही के कारण निगम को भारी नुकसान पहुंचाया गया है। ऊर्जा मंत्री ने इन आरोपों की गंभीरता को देखते हुए, राजेंद्र सिंह, जेई, को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं।

### 13 को सुनी जाएंगी समस्याएं

**चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा 13 मई को पंचकूला के उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। बिजली निगम के प्रवक्ता ने बताया कि यह सुनवाई अधीक्षण अभियंता, पंचकूला के कार्यालय, एससीओ नंबर-96, पहली मंजिल, सेक्टर-5, पंचकूला में की जाएगी।


परिवहन विभाग,
कार्यालय सचिव प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण, सोनीपत
लघु सचिवालय, गोहाना रोड़, सोनीपत 131001 (हरियाणा)
www.haryanatransport.gov.in, email: rta.snp@hry.nic.in,
Ph No.0130-3550673

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा सरकार, परिवहन विभाग की अधिसूचना दिनांक 15.12.2017 के द्वारा जिला सडक सुरक्षा समिति का पुनर्गठन किया गया है। जिसमें जिला सडक सुरक्षा समिति के अध्यक्ष संबधित जिले के उपायुक्त है। उक्त समिति की प्रतिमाह बैठक होगी और सडक दुर्घटनाओं में कमी के साथ-साथ मासिक आधार पर प्राप्तियों की मॉनीटर हेतु सडक सुरक्षा हित में राज्य सडक सुरक्षा परिषद द्वारा पारित निर्देशों का अनुपालन समयबद्ध रीति में करना सुनिश्चित करेगी। यह अधिसुचना परिवहन विभाग (नियामक विंग), हरियाणा की वेबसाईट www.haryanatransport.gov.in पर भी उपलब्ध है।
इस अधिसूचना के अनुसार जिला सडक सुरक्षा समिति के सदस्य के लिए सडक सुरक्षा से संबंधित दो गैर सरकारी विशेषज्ञ / एजेंसी को सरकार द्वारा नामांकित किया जाना है। जो गैर सरकारी विशेषज्ञ/एजेंसी सडक सुरक्षा से संबंधित कार्य करने का अनुभव रखते हों, वे अपना नाम, विवरण, शैक्षिक योग्यता, सडक सुरक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यो का वर्णन / अनुभव एवं इनसे सम्बन्धित पूर्ण दस्तावेज इस कार्यालय में प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर भेजना सुनिश्चित करें ताकि जिला स्तर पर इन पर विचारोपरान्त सरकार से उनके नाम नामांकित करवाने हेतु भेजे जा सकें। जिला सडक सुरक्षा समिति के सदस्य के लिए आप अपने आवेदन सहित पूर्ण दस्तावेज इस कार्यालय की ई-मेल (rta.snp@hry.nc.in) पर या रजिस्टर्ड पत्र द्वारा भी भेज सकते हैं। अधूरे प्रार्थना पत्र / दस्तावेजों एवं निश्चित समय सीमा अवधि उपरान्त किसी भी प्रकार के आवेदन पत्र पर विचार नही किया जाएगा।

**सचिव,
प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण एवं सदस्य सचिव
जिला सड़क सुरक्षा समिति
सोनीपत**

पीआरडीएच 1119/11/659/2026/34631/88/6 दि. 09.05.2025


# महीने में कम से कम चार स्कूलों का निरीक्षण करें अधिकारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि जिला के सभी उच्च अधिकारी हर महीने कम से कम चार स्कूलों का निरीक्षण करें और वहां बच्चों को दी जा रही गुणवत्ता पूरक शिक्षा एवं उनकी मूलभूत सुविधाओं की जांच करें। अगर किसी स्कूल में कोई कमी आंकी जाती है तो उसका समाधान कराया जाए, ताकि शिक्षा का स्तर और अधिक मजबूत हो सके। शिक्षा मंत्री आज जींद के डीआरडीए के सभागार में आयोजित जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर उचाना के विधायक देवेंद्र अत्री, डीसी मोहम्मद इमरान रजा, पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में समाधान के लिए कुल 18 शिकायतें रखी गई, जिसमें से 4 का मौके पर ही समाधान किया गया और शेष बची शिकायतों के समाधान के लिए अधिकारियों की कमेटी गठित कर उनकी ड्यूटियां निर्धारित की गई हैं। बैठक में जानकारी दी गई कि ज्यादातर मामले काफी पुराने हैं, इसलिए मामलों के समाधान के लिए निष्पक्ष जांच करवाकर ही समाधान करवाया जाएगा।

### शिक्षा मंत्री ने दिए आदेश, ईमानदारी से काम हो



शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ईमानदारी से कार्य करें, शिकायतों की तह तक जाकर ही कोई निर्णय लें ताकि प्रतिवादी को न्याय मिल सके। जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक उपरांत शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए कहा कि बच्चों को गुणवत्ता पूर्वक व संस्कार युक्त शिक्षा देना सरकार का मुख्य ध्येय है। केन्द्र सरकार द्वारा लागू की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को प्रदेश सरकार द्वारा लागू किया जा चुका है।

### प्रथम खेलो इंडिया बीच गेम्स के लिए ट्रायल 13 को

**चंडीगढ़।** भारत के प्रथम खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 का आयोजन 19 से 24 मई तक केन्द्र शासित प्रदेश दीव में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के लिए हरियाणा राज्य की महिला एवं पुरुष कबड्डी टीम के लिए चयन ट्रायल 13 मई को पलवल में होगी। प्रवक्ता ने बताया कि ट्रायल में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ी अपने दस्तावेज साथ लेकर 13 मई को पलवल सुभाष खेल परिसर में पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा पुरुषों के खेल ₹सेपक टकरा₹ डबल इवेंट व महिलाओं के लिए ₹सेपक टकरा₹ थीम इवेंट के ट्रायल भी 13 मई को ही पलवल में होंगे।


**THE HARYANA STATE COOPERATIVE SUPPLY AND MARKETING FEDERATION LIMITED**
District Office- Hafed, Jind Road, Kaithal (Haryana).
E-mail: dmhfdktl@hry.nic.in , TEL: (01746)-222626

**E-TENDER NOTICE**

E-tenders are hereby invited for refilling/purchase of ABC type fire Extinguishers for the year 2024-25 from reputed distributors/dealers for the various complex/godowns of Hafed Kaithal in the office of District Manager Kaithal. The interesting parties may upload their offers online on e-tenders Haryana portal.

**The bidders can submit their tender documents through e-Tender portal as per dates given below:**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Submission of EMD, Tender Fee & E-service Fee | upto 17.05.2025 (05.00 PM) |
| 2 | Online bid submission | From 12.05.2025 (05.00 P.M.) |
| 3 | Opening of Technical Bid<br>Opening of Financial Bid | On 19.05.2025 (12.00 Noon)<br>As per decision of the tender committee |

The tender document containing eligibility criteria and other terms & conditions is available at https://etenders.hry.nic.in. The negotiations will be held on the same day. Hafed reserves all the right to reject any/all the tenders without assigning any reason whatsoever.

**Sd/- District Manager,
Hafed Kaithal**


# हांसी में भट्ठे पर काम कर रहे 39 बांग्लादेशी पकड़े, सभी को दिल्ली कैंप भेजा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बीच तलाशी अभियान के दौरान हांसी पुलिस ने रविवार रात को ढाणी सांकरी स्थित एक ईंट भट्ठे से 39 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। ये सभी गैरकानूनी तरीके से ईंट भट्ठे पर रह रहे थे। पकड़े गए लोगों में 14 पुरुष, 11 महिलाएं और 14 बच्चे शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक ये तोशाम रोड़ स्थित ढाणी सांकरी के एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी का काम कर रहे थे। जांच के दौरान इनके पास से किसी भारतीय होने का किसी तरह के डॉक्यूमेंट नहीं मिले हैं।

पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि वे काम की तलाश में अवैध रूप से बॉर्डर क्रॉस करके बांग्लादेश से यहां आए थे। हालांकि पूछताछ में इन लोगों ने यह नहीं बताया कि इनको बॉर्डर क्रॉस किसने करवाया था। इसे मामले को लेकर सुरक्षा एजेंसियां जांच कर रही हैं। हांसी एसपी अमित यशवर्धन ने बताया कि ईंट-भट्ठे पर अवैध रूप से पकड़े गए लोगों को यहां से दिल्ली स्थित बंगलादेश कैंप में भेजा जाएगा जहां से इन्हें वापस बांग्लादेश डिपोर्ट किया जाएगा। तब तक इन्हें दिल्ली स्थित बांग्लादेशी कैंप में रखा जाएगा।



हांसी। ईंट-भट्ठे पर पकड़े गए बंग्लादेशी नागरिकों को लेकर आती पुलिस

### इनके पास था बंगाल का आधार कार्ड

इस संदर्भ में जब ईंट भट्ठा मालिक संदीप से बातचीत की गई तो उसने बताया कि इनके पास बंगाल का आधार कार्ड था। संदीप ने बताया कि करीब एक महीने पहले 5 परिवार उनके पास काम करने के लिए आए थे। बाकी परिवार अभी 2 दिन पहले ही आए हैं। इन्हें राजस्थान के एक ईंट भट्ठे से यहां लाया गया था और इनके पास बंगाल का आधार कार्ड भी मौजूद था। लेकिन अब ये पुलिस को क्यों नहीं दिखा रहे हैं इस बारे में मैं कुछ नहीं कह सकता।

### इस साल खुलेंगे 350 नए वीटा बूथ

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि हैफेड और वीटा के गुणवत्तापरक उत्पाद अब आमजन को एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे। इसके लिए डेयरी फेडरेशन और हैफेड मिलकर मॉडल पार्लर स्थापित करेंगे, जिनके माध्यम से लोगों को विश्वस्तरीय उत्पादों की विस्तृत रेंज उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष प्रदेशभर में 350 नए वीटा बूथ स्थापित किए जाएंगे। सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने आज सोनीपत में श्याम महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप द्वारा स्थापित वीटा बूथ का लोकार्पण किया और इस अवसर पर जनसमूह को भी संबोधित किया। डॉ. शर्मा ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों का वीटा बूथ संचालन के लिए आगे आना दर्शाता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में लोग आत्मनिर्भर बन रहे हैं।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/JSO/1422

हमकि (1) मुनेश पत्नी रमेश पुत्र रामकर्ण व (2) सुमंगला पत्नी सुरेश कुमार पुत्र रामकर्ण, निवासीगण गांव पेलपा एवं बिस्वेदारान गांव बीड़ दादरी, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा), में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2021–22 व इंतकाल न0 574 तबादला, 585 बैय, के अनुसार अराजी खेवट न0 54मिन/58, खाता न0 58 मिन, मु0 न0 9, किला न0 9/1/1(4–7), 9/2/1(0–12), 10/1/1(5–7), किते 3, तादादी रकबा 10 कनाल 6 मरले का 1/2 भाग, बकदर 5 कनाल 3 मरले (0.64375 एकड़) (जिसमें मुनेश 1/4 भाग व सुमंगला 1/4 भाग) वाका रकबा मौजा बीड़ दादरी, तहसील बादली, जिला झज्जर की मालिकान व काबिजान हैं, जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 9, किला न0 9/1/1(4–7), 9/2/1(0–12), 10/1/1 मिन पूर्व (0–4) किते 3, तादादी रकबा 5 कनाल 3 मरले (0.64375 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

SW/JSO/1426

हमकि (1) मुनेश पत्नी रमेश पुत्र रामकर्ण व (2) सुमंगला पत्नी सुरेश कुमार पुत्र रामकर्ण, निवासीगण गांव पेलपा एवं बिस्वेदारान गांव लाडपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा), में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23 व इंतकाल न0 2596, 2642, 2654 बैय, के अनुसार अराजी खेवट न0 278/224, खाता न0 282, मु0 न0 29, किला न0 10/2(2–9), 11(7–19), 12(8–0), 13(8–0), 18(8–0), 19(8–0), 20/1 मिन (2–4), मु0 न0 30, किला न0 15 मिन (0–12), 16/1(0–11), किते 9, तादादी रकबा 45 कनाल 15 मरले का 2/27 भाग, बकदर 3 कनाल 7.77 मरले (0.4235625 एकड़) (जिसमें मुनेश 1/27 भाग व सुमंगला 1/27 भाग) वाका रकबा मौजा लाडपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर की मालिकान व काबिजान हैं, जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 29, किला न0 10/2(2–9), 11 मिन उत्तर (0–18.77), किते 2, तादादी रकबा 3 कनाल 7.77 मरले (0.4235625 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 12.05.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile: 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com



**Ch. Devi Lal Coop. Sugar Mills Ltd., Gohana.**

**Tender Notice**

Contact Numbers: 9050001542 (SSM)
9813819264(C.E) 8199040406 (APO)

Online tenders are invited from Manufacturers / Traders / Authorized Distributors/Experienced (Sugar) Exporters for following items.

1. Job work- Deshelling & Reshelling of Mills' Rollers.
2. Purchase of Iron and Steel.
3. Job work - Dynamic Balancing & Ultrasonic Testing of Various Shaft & Thickness Monitoring of Tubes.
4. Purchase of General hardware Items
5. AMC of power Turbine and Turbo feed pump, Make Bellis.
6. Purchase of Electrical spare Siemens & L&T Make. (Rate Cont.)
7. Sale of 20000 Qtl Molasses (Production year 2024-25) stored in steel Tanks.
8. Supply, Dismantling & Erection of Cane Un-loader Bridge Rail
9. Replacement of Fibrizer Shaft
10. Lease the Agriculture Farm for three years.
11. Purchase of Cane Cutting Knives & Hammer Tip
12. A.M.C. for AVR & Alternator.
13. AMC of MILL HOUSE & D.C. Drive C/F (Siemens Make).
14. AMC for 2MW Co-Generation System
15. A.M.C. for Automation of Boiler & Mill Instruments.
16. A.M.C. for V.F.D.
17. Rate Contract of Ball Bearing (SKF/FAG/Koyo/OKG Make)
18. Rate Contract of Welding Electrodes
19. Purchase of Castable Refractory Spare
20. Cleaning & Painting of Process equipments
21. Purchase of S.S. Tube.
22. Purchase of Tube Clanging Equipments
23. Repairing of Lathe & Planer Machine.
24. Purchase of ACC Sheet
25. Purchase of C.I. Bar.
26. Purchase of G. M. material
27. Purchase of Turbine spare & Job work of Turbine
28. Job Work:- Ceramic Coating
29. Purchase of Vacuum Filter Spare.
30. Repairing of Vacuum Filters
31. Purchase of C/F Spare
32. Purchase of Automatic Slip Regulator Panels
33. Purchase of General Elertical Spare.
34. Servicing & Overhauling of ACB (Make L&T and Siemens).

The online tenders can be submitted on Haryana E-procurement website https://etenders.hry.nic.in. On line (E-Tendering) tenders completed in all respects should be filed / submitted **latest by 19/05/2025 up to 03:00 P.M** on this site. All bidder firms should file / submit both their technical as well as financial bids through online mode on this website. **Tenders will be opened on 03:30 PM of 19/05/2025.** Undersigned reserves the right to cancel / reject any / all tenders without assigning any reason thereof. The negotiations will be held on 22/05/2025 at 11-00 AM in BOA meeting.

**Sd/-Managing Director**


### शिक्षण संस्थानों में कामकाज पटरी पर लौटा

# सीजफायर से व्यापारी वर्ग ने ली राहत की सांस, कई विभाग अब भी अलर्ट पर

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

आखिरकार भारत और पाक के बीच सीजफायर से प्रदेश के व्यापारी वर्ग ने राहत की सांस ली है, हालांकि हरियाणा सरकार के कई विभागों में अभी भी अलर्ट का दौर जारी है, क्योंकि अभी भी छुट्टी रद्द किए जाने का फैसला वापस नहीं हो सका है। सूबे के विभिन्न अहम विभागों, सेहत, गृह विभाग अन्य कई विभागों में अभी भी छुट्टी नहीं मिलेगी अर्थात अलर्ट जारी रहेगा। साथ ही चंडीगढ़ पंचकूला और आसपास क्षेत्र में परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को भी काम पटरी पर लौट आने की उम्मीद है। भारत-पाक के बीच पहलगाम की घटना के बाद में तनाव और युद्ध जैसे हालात के बावजूद सीजफायर को लेकर व्यापारी वर्ग, इंडस्ट्री ने भी राहत की सांस ली है। राजधानी चंडीगढ़ पंचकूला, मोहाली व प्रदेश के विभिन्न जिलों में व्यापारी वर्ग इस हालात के लंबा चलने को लेकर चिंतित थे। लेकिन सीजफायर के फैसले के कारण अब उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही बेपटरी हुआ कामकाज पटरी पर लौट जाएगा। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय व्यापार करने वालों को भी अनिश्चितता के माहौल के कारण परेशान देखा जा रहा था। इसके अलावा पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों में भी बेहद निराशा भरा माहौल था, क्योंकि बड़ी संख्या में लोगों ने अपने अपने कार्यक्रम टाल दिए थे। इतना ही नहीं अंतरराष्ट्रीय व्यापार से जुड़े व्यापारी वर्ग ने भी आयात निर्यात पर फिलहाल, विराम लगा दिया था। जिससे इनसे काम से जुड़े श्रमिकों पर भी संकट का बादल नजर आने लगा था।

**खाने पीने की चीजों को लेकर हो रही थी परेशानी**

भारत पाक के बीच में बने तनाव के माहौल के बीच में सबसे ज्यादा मारामारी खाने पीने की चीजों को लेकर शुरु हो गई थी। होलसेल और रिटेल स्टोर्स पर लाइनों को देखा गया, साथ ही आमतौर पर कम सामान खरीदने वालों ने भी स्टाक करने और गाड़िया भरकर घर ले जाने की मुहिम चला दी थी। चंडीगढ और आसपास में लोग एक बार फिर से तनाव में नजर आने लगे थे। यही कारण है कि आनलाइन सामान मिलना बंद हुआ और बाकी दुकानों पर भीड़ देखी जाने लगी थी।

### श्रमिकों में बन गया था भय का माहौल

कोविड के वक्त को याद करते हुए श्रमिकों और सुपरवाइजरों में एक बार भय का माहौल बन गया था। पंजाब हरियाणा, चंडीगढ़ एरिया से बड़ी संख्या में लोगों ने गांवों का रुख कर लिया था। कुल मिलाकर अब सीजफायर की सूचना ने भी सभी को राहत दी है, एक बार तो पलायन का कार्यक्रम बना चुके लोगों को उम्मीद जगी है।

### इंडस्ट्री पर पड़ रहा था प्रभाव

प्रदेश में उद्योगों और आयात निर्यात से जुड़े शहरों में भी व्यापारी वर्ग ने राहत की सांस ली है। पाक व भारत के बीच में तनाव लंबा चलने के हालात में पंचकूला, अंबाला, पानीपत, सोनीपत से लेकर पलवल, गुरुग्राम, सोनीपत, हिसार, सिरसा काफी स्थानों की इंडस्ट्री पर विपरीत प्रभाव होने लगा था। इतना ही नहीं इसका असर अभी से दिखने लगा था।


**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि<br>बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | हरियाणा रोडवेज, दिल्ली में मौजूदा रूफ शीट्स को बदलना और शैड का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 17.05.2025 | 15.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424<br>pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में मीडिया सेंटर का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 17.05.2025 | 2.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424<br>pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज, अम्बाला | गांव भुरेवाला ब्लॉक नारायणगढ़ में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण। | 10.05.2025<br>23.05.2025 | 25.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368<br>prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज, रोहतक | गांव भैंसरू कलां (शिव धाम) 1 में शिवधाम का निर्माण + 2 कार्य। | 09.05.2025<br>15.05.2025 | 41.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150<br>prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, करनाल | बाढ़ ऋतु 2025 से पूर्व आरडी 0 से 26885 तक जुंडला डिस्टी. की मरम्मत, रखरखाव और आंतरिक सफाई + 1 कार्य। | 10.05.2025<br>15.05.2025 | 8.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2255291<br>knldivn335@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/100/34689/I/88/6 दि. 12.05.25

**सुविचार**

"असली प्रेरणा बाहर नहीं, अंदर होती है-बस उसे पहचानने की देर होती है।" - अज्ञात


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,429.90 | 2975.43 ▲ |
| निफ्टी | 24,924.70 | 916.70 ▲ |
| **धातु** | **कीमत** | **गिरावट** |
| सोना | 96,550 /- | 3400-00 ▼ |
| चांदी | 99,700/- | 200-00 ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 84.54 | --- |
| क्रूड ऑयल | 65.75/ बैरल | 2.88% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

# टेस्ट क्रिकेट को अलविदा

**वाह! कोहली**

कोहली की कप्तानी में भारत ने 68 में से 40 मैच जीते।



एक दशक से भारतीय बल्लेबाजी की धुरी रहे विराट। 2011 में किया था पदार्पण।

टेस्ट क्रिकेट ने मेरी परीक्षा ली, मुझे आकार दिया, जिंदगी के सबक सिखाए, आसान नहीं, लेकिन यही सही है। - विराट कोहली

**123** टेस्ट मैच खेले
**30** शतक
**31** अर्धशतक
**07** दोहरे शतक

**36** वर्षीय महान खिलाड़ी टी-20 से पिछले साल ले चुके संन्यास

**9230** रन बनाए हैं टेस्ट मैच में, **46.85** का रहा औसत

## इंस्टाग्राम पर संन्यास का ऐलान, 'लिखा-मैंने इसे अपना सब कुछ दिया और इसने मुझे उम्मीदों से कहीं अधिक दिया'

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत के सफलतम टेस्ट कप्तान और पिछले एक दशक से भारतीय बल्लेबाजी की धुरी रहे विराट कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की, जिससे टी20 के दौर में भी पारंपरिक क्रिकेट के संकटमोचकों में शुमार इस महान खिलाड़ी के इस प्रारूप में सुनहरे कैरियर पर विराम लग गया। 36 वर्षीय कोहली ने पिछले साल ही टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया था। अब वह सिर्फ एक दिवसीय क्रिकेट खेलेंगे। उन्होंने भारत के लिए 123 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 46.85 के औसत से 30 शतकों की मदद से 9230 रन बनाए हैं। जब टी20 क्रिकेट वैश्विक स्तर पर सुर्खियों में था, तब वह टेस्ट प्रारूप को बचाने की मुहिम में सबसे आगे थे। कोहली ने स्वीकार किया कि यह फैसला करना आसान नहीं था, जिससे खेल के लंबे प्रारूप में उनके भविष्य को लेकर अटकलों का दौर खत्म हो गया। (खेल पेज भी देखें)

*दाएं हाथ के बल्लेबाज कोहली ने 7 दोहरे शतकों के साथ इस प्रारूप के दिग्गज के रूप में अपनी पहचान बनाई जो किसी भारतीय खिलाड़ी के लिए सबसे अधिक है। वह महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग और राहुल द्रविड़ से काफी आगे है।*

### सभी का आभार, स्मिथ, पोंटिंग और स्टीव के बाद सबसे सफल टेस्ट कप्तान

कोहली ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर घोषणा की, 'मैं खेल के लिए, जिन लोगों के साथ मैदान में खेला और हर उस व्यक्ति के लिए दिल में आभार लेकर जा रहा हूं, जिसने मुझे इस खेल के दौरान खेलते हुए देखा है।' वर्ष 2011 में पदार्पण करने के बाद से कोहली ने भारत को इस प्रारूप में दुनिया की नंबर एक टीम बनाया और 2018-19 में ऑस्ट्रेलिया में ऐतिहासिक श्रृंखला जीत दिलाई। उनकी कप्तानी में भारत ने 68 में से 40 टेस्ट जीते और वह दक्षिण अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ, आस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग और स्टीव वॉ के बाद सबसे सफल टेस्ट कप्तान रहे।

### पहली बार 14 साल पहले 'बैगी ब्लू' पहनी

टेस्ट क्रिकेट में पहली बार 14 साल पहले 'बैगी ब्लू' पहनी थी। मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह प्रारूप मुझे किस सफर पर ले जाएगा। इसने मेरी परीक्षा ली, मुझे गढा और मुझे ऐसे सबक सिखाए, जिन्हें मैं जीवन भर साथ रखूंगा।' इस मेगास्टार का आखिरी टेस्ट ऑस्ट्रेलिया दौरा था जो निराशाजनक रहा था, जिसमें उन्होंने सिर्फ एक शतक बनाया था। इस तरह उनके करियर का अंत 10,000 रन के आंकड़े से कम रहा, जिसे एक समय औपचारिकता माना जा रहा था।

# मानसून को लेकर हरियाणा सरकार अलर्ट पर, ड्रेन और माइनर की सफाई के आदेश

## सीएम नायब ने 3 विभागों के कामों की समीक्षा की, अधिकारियों को हिदायत

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए राज्यभर में चल रही अल्पकालिक परियोजनाओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून से पहले सभी आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएम ने सोमवार को सिंचाई एवं जल संसाधन, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी तथा शहरी स्थानीय निकाय विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए कि राज्य में सभी ड्रेनों और माइनरों की तत्काल सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि बारिश के दौरान किसी भी प्रकार की जलभराव या बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न न हो। बैठक में सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरस्वती नदी, मारकंडा नदी और टांगरी नदियों की भी डिसिल्टिंग करके गहराई सुनिश्चित करते हुए रिवर बेड को सुदृढ़ किया जाए। बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि 30 जून तक सभी ड्रेनों की सफाई का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।



**सीएम ने कहा, समय पर काम पूरा करें बारिश के दौरान बाढ़ के हालात न बनें सरस्वती, मारकंडा नदियों को लेकर भी चर्चा, यमुनानगर को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए विशेष आदेश**

### 20 साल पुराने खालों की सूची बनाने को कहा

सीएम ने कहा कि मानसून से पहले सभी अल्पावधि कार्यों को युद्धस्तर पर पूरा किया जाए और सिंचाई एवं जल संसाधन व जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी स्थानीय जन प्रतिनिधियों और संबंधित उपायुक्त को भी दी जाए। प्रदेशभर में 20 वर्ष से पुराने खालों की सूची तैयार की जाए, ताकि उनकी सफाई व मरम्मत की जा सके।

### यमुना नदी होगी प्रदूषण मुक्त

यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए विशेष दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि यमुना नदी में किसी भी प्रकार का गंदे पानी का नाला न गिराया जाए। जहां-जहां इंडस्ट्रीयल वेस्ट नदी में प्रवाहित हो रहा है, वहां तुरंत सीईटीपी (कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट) की स्थापना सुनिश्चित की जाए।

**आग इतनी तेज भड़की कि बाहर निकलने तक का मौका नहीं मिला**

# भिवानी : बैंक मैनेजर कार में जिंदा जला जयपुर जाते समय अचानक आग लगी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू**

मनफरा गांव के पास सोमवार अलसुबह एक चलती कार में अचानक लगी आग के कारण हरियाणा ग्रामीण बैंक, सिरसा में मैनेजर 30 वर्षीय विकास की जिंदा जलने से मौत हो गई। लोहारू पुलिस व दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग को बुझाया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। विकास का गाड़ी के अंदर से जला शव मिला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि मृतक के चचेरे भाई अनिल के बयानों पर कार्रवाई की गई है। अनिल ने बताया कि विकास अलसुबह करीब तीन बजे घर से बैंक के काम के लिए निकला था। उसे जयपुर जाना था, लेकिन रास्ते में मनफरा मोड़ के पास हादसा हो गया। कार में आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।



**लोहारू का रहने वाला था विकास, सिरसा के ग्रामीण बैंक में था मैनेजर**

### पिछले साल हुई थी शादी

विकास यूपीएससी की तैयारी भी कर रहा था। यहीं नहीं सिरसा में हरियाणा ग्रामीण बैंक की नौकरी ज्वाइन करने वाले दो बार पहले भी बैंक की नौकरी के परीक्षा पास कर चुका था। विकास का मार्च 2024 में ही विवाह हुआ था और फरवरी 2025 में उसके घर एक बेटी नविका ने जन्म लिया था। विकास की मौत ने पूरा परिवार ही नहीं बल्कि गांव भी सदमे में हैं।




# ट्रेन में टीटीआई की दादागिरीः दंपति से टिकट छीना, पैसा वसूलने पर यात्रियों का हंगामा, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

■ सिरसा से आने वाली हरियाणा एक्सप्रेस का मामला

सोमवार सुबह सिरसा से आ रही हरियाणा एक्सप्रेस ट्रेन में दंपति से टिकट छीनने के बाद जबरन पैसा वूसल करने के बाद टीटीई के खिलाफ अन्य रेल यात्रियों ने मोर्चा खोल दिया। ट्रेन में शुरू हुई टीटीई के विरोध की कवायद रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म और आगे बढ़ गई।

**यात्रियों का गुस्सा देख पैसे वापस किए** : रेल यात्रियों ने टीटीई का विरोध करते हुए वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। टीटीई ने यात्रियों के बढ़ते गुस्से को देखते हुए टिकट व पैसे वापस तो कर दिए, परंतु वीडियो वायरल होने के बाद रेल विभाग ने उसे सस्पेंड कर दिया। उसके खिलाफ एक ओर जहां विभागीय कार्रवाई के आदेश जारी किए गए हैं, वहीं दूसरी ओर शिकायत मिलने पर एफआईआर भी दर्ज की जा सकती है। हरियाणा एक्सप्रेस में एक दंपति अपनी बच्ची के साथ रेवाड़ी की ओर आ रहे थे। बताया गया है कि रास्ते में टिकट चेकिंग करते समय टीटीई परविंद्र ने दंपति से टिकट छीन ली। इसके बाद उसने जुर्माना अदा करने के लिए कहा। रेल यात्री यह नजारा देख रहे थे। टीटीई दंपति की ओर से दिखाई गई टिकट को वैध नहीं मान रहा था। उसने टिकट अपनी जेब में डाल ली। जुर्माने के रूप में पैसे की मांग की, तो महिला ने उसे 200 रुपये दे दिए। टीटीई ने यह राशि अपनी जेब में डालकर कोई रसीद नहीं काटी। जब ट्रेन रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 7 पर आकर रुकी, तो वहां दंपति के साथ रेल यात्रियों ने भी टीटीई को घेरकर हंगामा शुरू कर दिया। इसका वीडियो भी बनाना शुरू कर दिया। यात्रियों का हंगामा बढ़ा, तो टीटीई ने गलती मानते हुए टिकट और पैसे लौटा दिए। इस दौरान रेल यात्री वहां मौजूद एक पुलिसकर्मी से भी टीटीई के खिलाफ एक्शन लेने की मांग करते रहे। बाद में टीटीई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया।

दंपती को पैसे वापस करता टीटीई



### यात्रियों से अभद्र व्यवहार करने का आदी

जानकार सूत्रों के अनुसार टीटीई परविंद्र पूर्व में भी इस तरह की करतूतों के कारण चर्चित रहा है। वह पहले भी सस्पेंड हो चुका है। एक यात्री की ओर से चार दिन पहले भी जीआरपी को उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी। वह शिकायत भी अभी जीआरपी के पास पेंडिंग बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि टीटीई परविंद्र आए दिन यात्रियों के साथ इसी तरह की हरकतें करता है।

**वीडियो वायरल होते ही हुआ एक्शन** : सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद रेल विभाग की ओर से टीटीई परविंद्र को सस्पेंड करने के आदेश जारी कर दिए। सीटीआई परमानंद ने टीटीई को सस्पेंड करने की पुष्टि करते हुए बताया कि उसके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। रेल यात्रियों की सजगता के चलते ही बेलगाम टीटीई के खिलाफा कार्रवाई सुनिश्चित हो सकी।

**आरपीएफ भी सख्त, कार्रवाई की तैयारी** : टीटीई का वीडियो वायरल होते ही आरपीएफ भी हरकत में आ गई। बताया जा रहा है कि आरपीएफ स्टाफ की ओर से दंपति को टीटीई के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए कहा गया था, परंतु टीटीई ने थाने जाने की बजाय ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने की बात कही। अगर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई जाती है, तो आरपीएफ की ओर से भी टीटीई के खिलाफ एक्शन लिया जा सकता है।

### पहले भी सामने आ चुके मामले

इस टीटीई के खिलाफ पहले भी इस तरह के कई मामले सामने आ चुके। रेल विभाग की ओर से पूर्व में एक्शन भी लिया गया था, परंतु टीटीई के व्यवहार में बदलाव नहीं आया। अगर इस मामले में आरपीएफ को कोई शिकायत मिलती है, तो आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**जिला में अवैध खनन रोकने के लिए प्रशासन मुस्तैदः फरीदाबाद।** जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन पर सख्त नियंत्रण बनाए रखने के लिए निरंतर कठोर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज सोमवार को जिला खनन अधिकारी कमलेश बिधलान के नेतृत्व में टीमों ने कई जगह छापेमारी कर चेंकिंग की।


**नीलामी सूचना**

**राजकीय बहुतकनीकी, मण्डी आदमपुर**

संस्थान के कैंटीन की नीलामी वीरवार, 20 मई 2025 को सुबह 11:00 बजे कैंटीन के प्रांगण में करवाई जाएगी। इच्छुक उम्मीदवारों को 10 हजार रुपये सिक्योरिटी के रूप में पहले जमा करवाने होंगे। नीलामी की शेष शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

प्रधानाचार्य
राजकीय बहुतकनीकी,
मण्डी आदमपुर

**भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय**
खानपुर कलां, (सोनीपत), हरियाणा-131305
ऑफिस नं. 01263-283001, 283002, फैक्स नं. 01263-283779, www.bpsmv.ac.in

**विज्ञापन**

बीपीएस महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां पात्र उम्मीदवारों से एमएसएम आयुर्वेद संस्थान में 25.05.2025 तक अनुबंध आधार पर रोग निदान एवं विकृति विज्ञान के स्पेशलाइजेशन में असिस्टेंट प्रोफेसर और रोग निदान एवं विकृति विज्ञान के स्पेशलाइजेशन में एसोसिएट प्रोफेसर (अवकाश रिक्ति के तहत), द्रव्यगुण के स्पेशलाइजेशन में प्रोफेसर (अवकाश रिक्ति) के पद हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। योग्यताओं और वेतनमान इत्यादि के सम्बन्ध में विवरण हेतु कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट www.bpsmv.ac.in पर पधारें।

रजिस्ट्रार
संवाद-1239/11/80/2026/34677/सी/88/6 दि. 12.05.25

**विज्ञापन/ मुनादी**

सर्व साधारण व सभी किसानों / लीजधारकों को सूचित किया जाता है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगरपालिका चीका कार्यालय द्वारा अपनी बकाया कृषि योग्य भूमि की खुली बोली उपायुक्त महोदया कैथल द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि की अध्यक्षता में दिनांक 14-05-2025 को प्रातः 11:00 बजे एक वर्ष 2025-26 के लिए नगरपालिका कार्यालय भवन में करवाई जा रही है। सरकारी बोली की राशि मु० 29000/- रूपए प्रति एकड़ प्रति वर्ष निर्धारित की गई है। इच्छूक व्यक्ति मौके पर पहुंच कर जमीन /भूमि की खोली बोली दे सकते हैं। जिसके लिए नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस को नगरपालिका चीका कार्यालय में देख सकते हैं।

नोटः-कोई भी नगरपालिका का बकायादार व्यक्ति बिना बकाया अदा किए खुली बोली में भाग नहीं ले सकता।

हस्ता/-सचिव
नगरपालिका चीका।
संवाद-1078/11/682/2026/34683/C/88/6 दि. 12.05.25


# कागजों में बना दिया पक्का रास्ता, बीडीपीओ चार्जशीट, एबीपीओ, जेई और सरपंच नपेंगे

■ बोदीवाली में मनरेगा के काम में गड़बड़झाले पर सरकार का का एक्शन ■ सीएम के पास पहुंचा मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

■ मामले की फाइल जिला परिषद सीईओ के पास आ जाएगी, तीनों को नोटिस देने की तैयारी

गांव बोदीवाली में मनरेगा के काम में गड़बड़झाले के मामले में आखिरकार अढ़ाई साल बाद प्रदेश सरकार ने एक्शन लेते हुए बीडीपीओ फतेहाबाद को चार्जशीट किया है। साथ ही एबीपीओ, जेई और सरपंच के खिलाफ कार्रवाई के लिए जिला परिषद के सीईओ को लिखा गया है। यह कार्रवाई खुद सीएम नायब सैनी के संज्ञान लेने के बाद की गई है। मनरेगा के काम में अनियमितताओं की शिकायत फतेहाबाद से कांग्रेस विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने की थी। सोमवार को विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मंगलवार को इसकी फाइल जिला परिषद सीईओ के पास आ जाएगी। इसके बाद तीनों को नोटिस दिया जाएगा। इसके बाद इनके खिलाफ कार्रवाई होगी। बता दें कि भट्टू खंड के गांवों में मनरेगा के काम में अनियमितता बरतने के मामले सामने आए थे। इसकी फाइल बनाकर सीएम को दी गई।



### ...रात को बना दिया रास्ता

यह मामला उठने के बाद अधिकारियों ने आनन-फानन में रातोंरात तीन दिन में खाल व रास्ता बनवा दिया। मगर विधायक ने पुराने व नए फोटो भेजकर शिकायत की। इस शिकायत की जांच चली और अब यह कार्रवाई हुई है। विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने अपनी शिकायत में बताया था कि करीब दो-अढ़ाई साल पहले यह अधिकारी मनरेगा से पैसे निकालकर हड़प गए थे और कोई काम नहीं किया था। इसको लेकर गांववाले उनके पास आए और कहा कि रास्ता पक्का बनवाओ। इसके बाद जब उन्होंने रास्ता पक्का बनवाने को लेकर जांच की कागजों में यह रास्ता पहले ही बना हुआ था। जब उन्होंने इसकी जांच पड़ताल की तो पता चला कि दो खाल और एक रास्ता बीडीपीओ, एबीपीओ, जेई और सरपंच ने मिलीभगत कर रास्ते के सारे पैसे निकालकर हड़प गए हैं और काम के लिए एक ईंट भी नहीं लगवाई। इसके बाद उन्होंने इसको लेकर दो महीने पहले इसकी शिकायत की थी। विधायक ने बताया कि नियमानुसार सरकार से फंड निकलवाने की पावर बीडीपीओ और एबीपीओ के पास होती है। इसलिए सरकार ने प्रथम दृष्टया इन्हें दोषी माना है। अब यह अधिकारी सरकार को अपना जवाब देंगे और उसके बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने बताया कि वह लगातार इस मामले में कार्रवाई को लेकर सरकार के सम्पर्क में रहे। तीन दिन पहले जब वह चण्डीगढ़ गए तो उन्हें पता चला कि सरकार ने इस मामले में बीडीपीओ को चार्जशीट किया है। यह फाइल थर्टीवेज बिल्डिंग में पड़ी है जोकि मंगलवार को यहां आ जाएगी। इसके बाद इन अधिकारियों को नोटिस दिया जाएगा।



### विधायक ने विधानसभा सत्र में उठाया था मामला

गांव बोदीवाली में रास्ते व खाल का मामला विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने विधानसभा में भी उठाया था। बलवान दौलतपुरिया का आरोप था कि गांव बोदीवाली में 2022-23 में मनरेगा के तहत रास्ते व खाल को कागजों में बना हुआ दिखा दिया है, जबकि धरातल पर बना ही नहीं है।

### दिनदहाड़े बच्चे को अगवा करने की कोशिश, केस

**सिरसा।** कालांवाली पुलिस ने राजेंद्र निवासी वार्ड नंबर 16 नई प्रजापत कालोनी कालांवाली की शिकायत पर दो अज्ञात युवकों के खिलाफ अपहरण के प्रयास का मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में राजेंद्र ने बताया कि उसका 13 वर्षीय बेटा रविवार दोपहर कूड़ा फैंकने के लिए घर से बाहर आया। तभी बाइक पर आए दो युवकों ने उसे रूमाल पर बेहोशी की दवा लगाकर अगवा करने की कोशिश की। जब उसके बेटे ने बचने के लिए भागने की कोशिश की तो आरोपियों ने उस पर आग वाली स्पै कर दी, जिससे उसकी आंख की जल गई। शिकायत में बताया कि वारदात में बगैर नंबर की बाइक का इस्तेमाल किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले के जांच अधिकारी ने बताया जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करेंगे।





**कार्यालय अधीक्षक जिला जेल, झज्जर**

**खुली बोली नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि महानिदेशक कारागार, हरियाणा, सैक्टर-14 पंचकुला के आदेश पत्र क्रमांक 15995/96 डी0जी0जेल्स/2025/बी 03 दिनांक 21.04.2025 के निर्देशानुसार जेल, झज्जर पर उधोगशाला में उपलब्ध लगभग 330 क्विंटल सरसों खल को कम-से-कम रू0 2200/- प्रति क्विटल (जी०एस०टी० 05 प्रतिशत अतिरिक्त) की दर से खुली बोली के माध्यम से बेचने हेतू जिला जेल, झज्जर पर दिनांक 17.05.2025 को खुली बोली के माध्यम से नीलामी की जानी है। अतः कोई भी इच्छुक बोलीदाता दिनांक 17.05.2025 को जेल परिसर में पहुंच कर खुली बोली में भाग ले सकता है। बोली की शर्ते बोली की तिथि से पहले प्राप्त करना चाहता है तो वह किसी भी कार्य दिवस को जिला जेल कार्यालय से प्राप्त कर सकता है व जेल नोटिस बोर्ड पर पढ़ सकता है।

हस्ता/-अधीक्षक जेल,
जिला जेल, झज्जर
पीआरडीएच-1277/11/88/2026/34663/88/6 दि. 12.05.25



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


# युवक पर चाकुओं से हमला करने के आरोप में चार गिरफ्तार

**एनआईटी थाने की पुलिस ने हरजिन्द्र सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद। लड़ाई-झगड़े के मामले में चाकू मारकर घायल करने के आरोप में पुलिस ने चार आरोपियों को काबू किया है। पुलिस थाना एनआईटी में हरजिन्द्र सिंह निवासी एनआईटी-5 ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि 5 मई को उसके पास फोन आया कि उसके बेटे को गंभीर चोट लगी हैए जिसको हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। हॉस्पिटल जाकर पता चला है कि किसी ने उसके बेटे पर चाकूओं से हमला किया है जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिस शिकायत पर पुलिस थाना एनआईटी में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

### अदालत ने रिमांड पर भेजा

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना एनआईटी की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी साहिल वासी गांव पाखल, अमन वासी जवाहर कॉलोनी, मोहित वासी संजय इन्कलेव नंगला फरीदाबाद व नवनीत को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को पुछताछ के लिए माननीय अदालत में पेश कर 14 मई तक रिमांड पर लिया हुआ है। रिमांड के दौरान हथियार बरामद किया जाएगा।

**नहर में भ्रूण मिला : राजौंद।** सौंगल में चार माह का भ्रूण नहर में बहता हुआ मिला। नहर में नहाने के लिए गए युवाओं ने जैसे ही भ्रूण को देखा तो उसे बाहर निकाल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंच गई और भ्रूण को पोस्टमॉर्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भेज दिया। इस संबंध में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

**अवैध हथियारों सहित दो युवक गिरफ्तार**

फरीदाबाद। अवैध हथियार रखने वालों पर फरीदाबाद पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कार्रवाई करते हुए क्राईम ब्रांच उंचा गॉव व क्राईम ब्रांच सेक्टर 56 की टीम ने अवैध हथियार रखने वाले 2 आरोपियों को 2 देसी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 मई को क्राइम ब्रांच उंचा गांव में छापेमारी कर दो युवकों को गिरफ्तार किया।


**Veer Saheed Lt. Dharambir Singh Sihag PM Shri Govt. Sr. Sec. School Miran (332) Distt. Bhiwani**
email: pmsgsssmiran@gmail.com

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.व.मा. विद्यालय-मिरान (भिवानी) में 22 खड़े पेडों की नीलामी दिनांक 26.05.2025 को प्रातः 10:00 बजे विद्यालय कार्यालय मिरान मे की जानी है। नीलामी की शर्तें विद्यालय कार्यालय में चस्पा है।

प्राचार्य

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF SH. MOHOMMAD SAGEER
Additional Civil Judge (Senior Division)
Santosh W/o Surender Kumar
Vs.
General Public
CNR No. HRRH02-001247-2020
Next Date: 17-05-2025
CIS No.: SUCC/27/2020
PUBLICATION ISSUED TO:
General Public:-
India

In above titled case, the defendant(s) /respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) /respondent(s) should appear in person or through counsel on **17-05-2025 at 10:00 a.m.** For details logon to https://highcourt chd. gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak

Sd/-
Addl. Civil Junge(Sr. Div.) Meham
Dated, this day of 12-05-2025

**Reminder**
**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Ms. Deepti
Civil Jodge (Senior Division), Sonipat Sonipat
Mahender
Vs.
General Public
CNR No. HRSO02-000589-2025
SUCCESSION
Next Date 27-8-25

Prayed that the succession certificate in respect of the entire amount a/w interest lying deposited in account no. 10748111854 in state bank of india, branch sandal kalan, sonipat in the name of late satbir singh s/o sh, ram sawroop mentioned in para no. 1 of the petition may kindly be granted in favour of the petitioner. Any other relief may also granted to the applicant/petitioner.

PUBLICATION ISSUED TO :
General Public :-
Sopnipat

In above titled case, the defendant(s) / respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **27-08-2025 at 10:00 am**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat

Sd/-
Civil Judge (Senior Division), Sonipat
Dated, this day of 27-03-2025

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद | जीएचएस कासंडी, जिला सोनीपत में 10 अतिरिक्त कक्षा कमरों के निर्माण और विद्युत कार्य के लिए डीएनआईटी + 11 कार्य। | 05.05.2025 14.05.2025 | 9.41 करोड़ | www.hsspp.in | 9041397095 civilbranchssa4@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34659/1/88/6 दि. 12.05.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका खरखौदा | एम.सी. खरखौदा के लिए प्रत्येक संस्थान से म्यूनिसिपल ठोस कचरा एमएसडब्ल्यू का घर-घर से संग्रहण, पृथक्करण और एमआरएफ केन्द्रों / हस्तांतरण स्टेशनों /प्रसंस्करण स्थल तक परिवहन। | 10.05.2025 23.05.2025 | 955.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416316854 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34665/1/88/6 दि. 12.05.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | 751 - एम.सी. सोनीपत में राजेन्द्र नगर / कल्याण नगर में एक अदद गहरे नलकूप का प्रावधान व स्थापना + 8 कार्य। | बंद होने की तिथि 14.05.2025 | 3.80 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 ee2mcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34667/1/88/6 दि. 12.05.25


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

**कर्क** — परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

**तुला** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।


**धनु** — मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

**मकर** — आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकनि परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**कुंभ** — खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**मीन** — कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

## शब्द पहेली - 5865




**बाएँ से दाएँ**
1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

**शब्द पहेली- 5864 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | द | त | न | | ल | | वा | य | लि | न |
| | ल | | रा | | प | व | न | | ख | फा |
| ए | | | ध | व | ल | | र | | | स |
| ह | र | द | म | | पा | ल | | फ | क | त |
| सा | | म | | दा | ना | | सा | | मा | |
| न | वी | न | त | म | | अ | ज | वा | ई | न |
| | र | | वा | | स | दा | | रि | | वी |
| प | ता | का | | ह | क | | अ | स | मा | न |
| र | | | जी | | प | र | दा | | | ता |
| वा | त | | न | ल | का | | व | | द | |
| ज | रु | र | त | | ना | | त | ल | वा | र |



# विराट पारी... गोल मटोल 'चीकू', 'भैया', 'रन मशीन' और 'किंग कोहली' के 14 साल का टेस्ट सफर खत्म

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम दिल्ली के लड़के का 'स्वैग' लेकर भारतीय ड्रेसिंग रूम में दाखिल हुए विराट कोहली क्रिकेट को लेकर अपने असीम जुनून के चलते मौजूदा दौर के महानायक बनकर उभरे और ऐसे समय में पारंपरिक क्रिकेट से विदा ली जब उनके और खेलते रहने की उम्मीद की जा रही थी। विराट ने स्वीकार किया कि टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का फैसला आसान नहीं था लेकिन सही था। सवाल यह उठता है कि यह विचार उनके जेहन में पहली बार कब कौंधा ? शायद आस्ट्रेलिया के खराब दौरे के बाद जहां उन्होंने पर्थ में दूसरी पारी में शतक के बाद सिर्फ 91 रन बनाए। स्विंग और उछाल को झेलने में उन्हें इतनी परेशानी हुई कि उनकी वापसी संभव नहीं लग रही थी। इसके बावजूद भारतीय क्रिकेट को इंग्लैंड दौरे पर उनकी जरूरत थी। शरीर से ज्यादा दिमाग की। लेकिन शायद वह पांच टेस्ट मैचों की एक और श्रृंखला खेलने के लिए तैयार नहीं थे। अपने सीनियर खिलाड़ियों के लिए गोल मटोल 'चीकू' से जूनियर खिलाड़ियों के 'भैया' तक 'किंग कोहली' ने लंबा सफर तय किया है और अपने कॅरियर में काफी उतार चढ़ाव भी देखे।

### पिता की निधन की खबर सुनकर भी खेले

2006 में अठारह बरस के कोहली ने अपने पिता प्रेम कोहली के निधन की खबर सुनकर भी 90 रन बनाकर दिल्ली को फॉलोआन से बचाया और फिरोज शाह कोटला स्टेडियम से सीधे श्मशान घाट जाकर उनकी अंतिम संस्कार किया। इसके बाद 2025 में 36 साल के सुपरस्टार विराट कोहली को रेलवे के मध्यम तेज गेंदबाज हिमांशु सांगवान ने करीब 20000 दर्शकों के सामने रणजी ट्रॉफी मैच में आउट किया। वह आखिरी बार था जब कोहली सफेद जर्सी में चमचमाती एसजी गेंद को खेलते दिखे। बीच के 18 साल में उन्होंने 30 टेस्ट शतक लगाए।

### 10 हजार टेस्ट रन से चूके

इंडियन प्रीमियर लीग की जगमगाहट के बीच लोग कोहली को टेस्ट बल्लेबाजी करते देखना चाहते रहे हैं। कोहली को 10000 टेस्ट रन पूरे करने के लिए 770 रन और चाहिए थे। उनके समकालीन इंग्लैंड के जो रूट टेस्ट में 13000 रन पूरे करने से कुछ रन पीछे हैं जबकि आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ 10000 रन पूरे कर चुके हैं। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन इससे 724 रन दूर हैं।



### टी20, वनडे और चैंपियंस ट्रॉफी चैंपियन

कोहली भारत के सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक हैं। उनके नाम कई रिकॉर्ड है। कोहली भारत के उन चुनिंदा खिलाड़ियों में से हैं जिन्होंने टी20 विश्व, वनडे विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी जैसी आईसीसी के तीन खिताब जीते हैं। कोहली 2011 वनडे विश्व कप टीम का हिस्सा थे जिसने श्रीलंका को हराकर खिताब अपने नाम किया था। इसके बाद 2013 और 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी की विजेता टीम का भी हिस्सा रहे। इसके अलावा 2024 में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप का खिताब जीतने वाली टीम का भी कोहली हिस्सा थे। कोहली के लिस्ट में सिर्फ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब नहीं जुड़ सका, जबकि दो बार टीम फाइनल में पहुंची थी।

### अनुष्का के साथ घर पहुंचे विराट

भारतीय क्रिकेट फैंस को उस वक्त आज एक बड़ा झटका लगा, जब विश्व क्रिकेट के दिग्गज और पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया। टेस्ट से अपने संन्यास के एलान के बाद विराट कोहली पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ दिल्ली अपने घर पहुंचे हैं। दिल्ली एयरपोर्ट से विराट और पत्नी अनुष्का का वीडियो सामने आया है। इससे थोड़ी देर पहले दोनों मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आए थे।

## रोहित-कोहली के टेस्ट संन्यास ने दिखाया चयन समिति का दमखम और दूरदर्शिता

**नई दिल्ली।** हमेशा सुर्खियों में रहने वाली भारतीय क्रिकेट टीम का चयन करना आसान काम नहीं और पिछले कुछ अर्से में कठिन फैसले नहीं लेने के कारण चयन समितियों को 'रीढ़हीन' तक करार दिया गया। एक सप्ताह के भीतर ही हालांकि अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास में अहम भूमिका निभाकर इस धारणा को बदल दिया। निश्चित तौर पर मुख्य कोच गौतम गंभीर को भी इसकी जानकारी रही होगी। इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के नए चक्र से पहले चयनकर्ताओं ने रोहित को अपने फैसले से अवगत करा दिया। इसके साथ ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के कोहली के अनुरोध को भी मान लिया।



## 9 क्रिकेटर्स ने साल 2025 में क्रिकेट को कहा अलविदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टीम की 'रन मशीन' विराट कोहली ने सोमवार को 14 साल के अपने टेस्ट करियर पर विराम लगा दिया। 'किंग कोहली' ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स के जरिए टेस्ट प्रारूप से संन्यास की घोषणा की। विराट कोहली के साथ ही भारतीय टेस्ट टीम में बदलाव का दौर शुरू हो गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि पिछले साल दिसंबर में रविचंद्रन अश्विन और पिछले सप्ताह रोहित शर्मा ने संन्यास की घोषणा की थी। चलिए आपको ऐसे क्रिकेटर्स के नाम बताते हैं, जिन्होंने साल 2025 में किसी प्रारूप या फिर सभी फॉर्मेट्स से संन्यास लिया।









### संन्यास लेने वाले क्रिकेटर्स

| खिलाड़ी | देश | प्रारूप |
|---|---|---|
| मार्टिन गप्टिल | न्यूजीलैंड | सभी |
| तमीम इकबाल | बांग्लादेश | सभी |
| मार्कस स्टोइनिस | ऑस्ट्रेलिया | वनडे |
| दिमुथ करुणारत्ने | श्रीलंका | सभी |
| स्टीव स्मिथ | ऑस्ट्रेलिया | वनडे |
| मुशिफकुर रहीम | बांग्लादेश | वनडे |
| महमूदुल्लाह | बांग्लादेश | सभी |
| रोहित शर्मा | भारत | टेस्ट |
| विराट कोहली | भारत | टेस्ट |

## क्रिकेट जगत ने दी विराट को बधाई

'टेस्ट क्रिकेट में एक युग का अंत लेकिन उनकी विरासत हमेशा रहेगी। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा। उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।'
**- बीसीसीआई**

'भारत के महान टेस्ट क्रिकेटरों में से एक विराट कोहली ने पारंपरिक प्रारूप से विदा ली। सफेद जर्सी नहीं पहनेंगे लेकिन ताज बरकरार रहेगा। विराट कोहली ने अतुलनीय विरासत छोड़कर विदा ली।'
**-आईसीसी**



'शानदार टेस्ट कॅरियर के लिए बधाई विराट कोहली। टी20 क्रिकेट के उत्थान के दौर में पारंपरिक प्रारूप की लोकप्रियता बनाए रखने और अनुशासन, फिटनेस, प्रतिबद्धता के मामले में असाधारण उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए धन्यवाद।'
**- जय शाह**

'शेर की तरह जुनून वाला एक इंसान। तुम्हारी कमी खलेगी।'
**- गौतम गंभीर**



'टेस्ट क्रिकेट ने तुम्हारे भीतर के योद्धा को तलाशा और तुमने इसके लिए सब कुछ दे दिया। तुमने महान खिलाड़ियों की तरह खेला, सीने में आग और हर कदम पर गर्व। सफेद जर्सी में तुम्हारे योगदान पर गर्व है।'
**- युवराज सिंह**



'मेरी बिस्कोटी (एक दूसरे को प्यार से यही बुलाते हैं) को शानदार टेस्ट कॅरियर पर बधाई। आपकी प्रतिबद्धता और कौशल ने हमेशा मुझे प्रेरित किया। सही मायने में लीजेंड।'
**- एबी डिविलियर्स**



'विराट, हम उस दौर के साझेदार रहे हैं, साथ खेलें और गर्व से टेस्ट क्रिकेट के लंबे दिनों को जिया। सफेद जर्सी में तुम्हारी बल्लेबाजी खास रही, सिर्फ आंकड़ों के ही नहीं बल्कि इरादों, जुनून और प्रेरणा के मामले में भी।'
**- हरभजन सिंह**

'उनकी चाल, उनके शॉट, उनके हाव भाव, उनका जश्न मनाने का अंदाज। सभी की कमी खलेगी। एक बेहतरीन टेस्ट दौर का अंत लेकिन उनकी विरासत हमेशा रहेगी। गर्व के साथ। इस साहस, आक्रामकता और बेमिसाल जुनून के लिए शुक्रिया विराट। आपने टेस्ट क्रिकेट खेला ही नहीं, इसे बेहतर किया।'
**- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु**



'आपके साथ खेलने का सफर खास रहा। इतनी सारी शानदार यादें और साझेदारियां। शानदार टेस्ट कॅरियर पर बधाई।'
**- अजिंक्य रहाणे**

## खबर संक्षेप



### ईशप्रीत ने आडवाणी को हराकर जीता खिताब

**मुंबई।** ईशप्रीत चड्ढा ने नौ घंटे तक चले मैराथन फाइनल में अनुभवी क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी को 10-7 से हराकर एनएससीआई बॉल्कलाइन स्नूकर टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। चड्ढा ने 'बेस्ट-ऑफ-19' फ्रेम के फाइनल में 62-45, 4-77, 59-35, 7-65, 68-12, 57-66, 19-60, 90 (90)-0, 33-70, 0-97 (97), 99 (94)-16, 75 (67)-35, 75-27, 68-31, 83 (68)-10, 6-122 (122), 73-72 से जीत हासिल की।

### आईपीएल 17 मई से फिर शुरू होगा, तीन जून को फाइनल: बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का मौजूदा सत्र 17 मई से छह स्थानों पर फिर से शुरू करने का फैसला किया जिसमें संशोधित कार्यक्रम के अनुसार फाइनल तीन जून को होगा। आठ मई को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच रद्द होने के बाद आईपीएल को रोक दिया गया था जब पाकिस्तान ने चंडीगढ़ के पास भारतीय हवाई क्षेत्र में घुसपैठ करने की कोशिश की थी जिससे स्टेडियम में ब्लैकआउट हो गया था। बोर्ड ने एक बयान में कहा, "बीसीसीआई को टाटा आईपीएल 2025 फिर से शुरू करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। सरकार और सुरक्षा एजेंसियों और सभी प्रमुख हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद बोर्ड ने बचे सत्र के साथ आगे बढ़ने का फैसला किया है।" लीग के फिर से शुरू होने पर पहला मैच 17 मई को बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होगा। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार लीग मैचों के लिए छह स्थान बेंगलुरु, जयपुर, दिल्ली, लखनऊ, अहमदाबाद और मुंबई होंगे।

### आईएलसी में रैना, दिलशान और धवन बिखेरेंगे जलवा

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी सुरेश रैना, शिखर धवन और श्रीलंका के पूर्व ओपनर तिलकरत्ने दिलशान सहित कई



बड़े खिलाड़ी इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप में खेलते नजर आएंगे। यह टूर्नामेंट 27 मई से ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शुरू होगा। इसका फाइनल मैच 5 जून को होगा। इस प्रतियोगिता में दुनिया भर के पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इनमें न्यूजीलैंड के मार्टिन गप्टिल और अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान असगर अफगान भी शामिल हैं।

# रोहित-कोहली की जगह लेने को तैयार युवा

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

कोहली ने रन और शतकों की झड़ी लगा दी और भारत को टेस्ट क्रिकेट में कुछ बेहतरीन ऊंचाइयों और यादगार जीत तक पहुंचाया। उनका यह प्रदर्शन युवा बल्लेबाजों के लिए 'ब्लूप्रिंट' है जिन्हें कोहली और रोहित शर्मा के बाद भारतीय क्रिकेट की कमान संभालने का काम सौंपा गया है। इनमें से कुछ पर चर्चा की गई है।

### शुभमन गिल

अगली पीढ़ी के स्टार में शुभमन गिल सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं जो आने वाले दिनों में संभवत: भारत के मुख्य बल्लेबाज और टेस्ट कप्तान हो सकते हैं। पंजाब के इस खिलाड़ी ने 32 टेस्ट में 35 के औसत से 1893 रन बनाए हैं।

### यशस्वी जायसवाल

जायसवाल का इंग्लैंड में पारी की शुरुआत करना निश्चित है। वह वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और भारत में यह काम पहले ही कर चुके हैं। लेकिन इंग्लैंड के अपने पहले दौरे पर यह काम कठिन होगा। जायसवाल ने ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज में रन बनाते हुए अपनी तकनीक और संयम दिखाया।



### ध्रुव जुरेल

24 वर्षीय जुरेल दूसरे विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर ऋषभ पंत के पीछे एक अच्छा बैक-अप विकल्प हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पदार्पण श्रृंखला में उन्होंने प्रभावशाली प्रदर्शन किया लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वे प्रभाव नहीं छोड़ पाए। जुरेल में टेस्ट क्रिकेट में लंबे समय तक खेलने के लिए हिम्मत और कौशल है।

### बी साई सुदर्शन

साई के इंग्लैंड दौरे पर जाने वाली टीम में जगह बनाने की पूरी संभावना है और उनकी बेहतरीन बल्लेबाजी इंग्लैंड में काम आ सकती है जिससे वह जायसवाल की आक्रामक बल्लेबाजी के मुकाबले शांत और संतुलित बल्लेबाज बन सकते हैं। 23 वर्षीय सुदर्शन दोनों तरफ खेलना पसंद करते हैं और यह एक ऐसी चीज है जो इंग्लैंड में सफल होने में अहम होती है।

### सरफराज खान

सत्ताईस वर्षीय सरफराज ने पिछले साल बेंगलुरू में न्यूजीलैंड के खिलाफ 150 रन की आक्रामक पारी खेलकर दिखा दिया कि वह किसी भी आक्रमण को ध्वस्त कर सकते हैं। लेकिन उसके बाद से सामान्य फॉर्म और पसलियों की चोट ने उन्हें रोक दिया। सरफराज के कौशल पर कोई संदेह नहीं है लेकिन मुंबई के इस खिलाड़ी को अपनी फिटनेस पर भी काम करने के लिए कहा जा सकता है।

## घुड़सवार अनुष का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| बीलेफेल्ड



एशियाई खेलों के दोहरे पदक विजेता भारतीय ड्रेसेज घुड़सवार अनुष अग्रवाला ने यहां होल्टकैम्पर ड्रेसर्टेज ग्रां प्री में 69.44 प्रतिशत का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर हासिल किया। यह उनके नए घोड़े एट्रो के साथ प्रभावशाली प्रदर्शन था। यह उनकी साथ में दूसरी ही ग्रां प्री थी। 2022 हांग्झोउ एशियाई खेलों में टीम स्वर्ण और व्यक्तिगत कांस्य पदक जीतने वाले अनुष ने कहा, 'मुझे हमारे प्रदर्शन पर गर्व है। एट्रो और मैंने कम समय में एक-दूसरे से बहुत कुछ सीखा है। इसके पीछे कई महीनों की कड़ी मेहनत रही है। हालांकि अब भी सुधार की गुंजाइश है, लेकिन यह सत्र की एक मजबूत शुरुआत है और मैं यहां से आगे बढ़ने के लिए उत्साहित हूं।' यह जोड़ी अब इस सप्ताह के अंत में बेल्जियम के लियर में प्रतिस्पर्धा करेगी।

## थाईलैंड ओपन में मजबूत प्रदर्शन करेंगे आयुष-उन्नति



**बैंकॉक।** युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा अपने हाल के शानदार प्रदर्शन को जारी रखना चाहेंगे जबकि लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू हो रहे थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दौरान अपनी लय हासिल करने के लिए उत्सुक होंगे। आयुष (20 वर्ष) और उन्नति (17 वर्ष) पिछले हफ्ते ताइपे ओपन सुपर 300 के सेमीफाइनल में पहुंचे थे। लेकिन उन्हें यहां मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने के लिए क्वालीफाइंग दौर से गुजरना होगा। आयुष अपने शुरुआती क्वालीफाइंग मैच में फिनलैंड के जोकिम ओल्डोर्फ से भिड़ेंगे जबकि उन्नति का सामना महिला एकल क्वालीफायर में थाईलैंड की थामोनवान निथिटिकराई से होगा। वहीं सेन मुख्य ड्रॉ में आयरलैंड के नहत गुयेन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। महिला एकल में मालविका बंसोड़ मुख्य ड्रॉ में अपने शुरुआती मैच में तुर्की की नेस्लिहान यिगिट का सामना करेंगी। पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन अनुपमा उपाध्याय को अपने पहले दौर में थाईलैंड की पूर्व विश्व चैंपियन रतचानोक इंतानोन के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

### भारत ने की 24 सदस्यीय हॉकी टीम की घोषणा

**नई दिल्ली।** भारत ने सोमवार को महिला प्रो लीग हॉकी के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें मिडफील्डर सलीमा टेटे को कप्तान बनाया गया है। भारत 14 से 29 जून तक लंदन, एंटवर्प और बर्लिन में ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, बेल्जियम और चीन के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगा। अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर उप कप्तान होंगी। टीम में गोलकीपर सविता और बीचू देवी खारीबाम शामिल हैं। अनुभवी सुशीला चानू पुखरामबम, ज्योति, सुमन देवी थौदम, ज्योति सिंह, इशिका चौधरी और ज्योति छत्री डिफेंडर होंगी। मिडफील्ड की जिम्मेदारी वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुजाता कुजूर, मनीषा चौहान, नेहा, सलीमा, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी, सुनीता टोप्पो और महिमा टेटे के कंधों पर होगी।

Gates® | DRIVEN BY POSSIBILITY™

Gates India, a trusted name in automotive parts and a Preferred OE Partner of leading manufacturers, is excited to appoint **SHRI KRISHAN ENTERPRISES, Sonipat** as an **Authorized Distributor** for our Aftermarket product range.

With this partnership, we aim to provide faster service, greater availability, and enhanced customer support to better serve our valued customers.

Together, we are committed to delivering excellence.

FOR PRODUCT ENQUIRIES, CONTACT:
SHRI KRISHAN ENTERPRISES
+91 9813269533 | mokshitaverma60@gmail

For Distributor Enquiries, Contact : aftermarket.india@gates.com

## MUNICIPAL COMMITTEE UCHANA (JIND)
### PUBLIC NOTICE/TENDER NOTICE

| S. No | e-Published Date | Closing Date | Opening Date | Title and Ref.No./Tender ID | Organisation Chain |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 13-May-2025 09:10 AM | 26-May-2025 05:00 PM | 27-May-2025 10:00 AM | [SELECTION OF AGENCY FOR REMEDIATION AND RECLAMATION OF EXISTING DUMPSITE AT KHERI MASANIYA ROAD IN MC UCHANA/LEGACY WASTE/3857/MCU/2025/2025_HRY_446322_1] | Haryana Government\|\|Urban Local Bodies\|\|MC Uchana |

Sd/- Secretary MC Uchana

## (शामलात भूमि को पट्टे पर देने का कार्यक्रम वर्ष 2025-26 खण्ड राई।

| Sr. No. | Name of Gram Panchayat | A-K-M | Date | Time | Place | Gram Sachiv | Name of Officer |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Pabsara | 32-01-00 | 15-05-2025 | 2:00 PM | General Chaupal | Sunny | BDPO, Rai |
| 2 | Akbarpur Barota | 27-6-5 | 15-05-2025 | 2:00 PM | General Chaupal | Sunil | BDPO, Rai |
| 3 | Safiyabad | 16-5-0 | 16-05-2025 | 10:00 AM | General Chaupal | Pardeep Kumar Chahal | BDPO, Rai |
| 7 | Aurangabad | 46-01-17 | 19-05-2025 | 10:00 AM | General Chaupal | Kapil | BDPO, Rai |
| 4 | Khurampur | 04-02-16 | 19-05-2025 | 2:00 PM | General Chaupal | Manish | BDPO, Rai |
| 5 | Sevli | 34-00-00 | 20-05-2025 | 10:00 AM | General Chaupal | Manish | BDPO, Rai |
| 6 | Aterna | 47-6-0 | 20-05-2025 | 2:00 PM | General Chaupol | Sanjay | BDPO, Rai |
| 8 | Bhowapur | 19-01-00 | 21-05-2025 | 10:00 AM | General Chaupal | Mohit | BDPO, Rai |
| 9 | Asawarpur | 10-04-18 | 21-05-2025 | 2:00 PM | Community Centre | Surender | BDPO, Rai |
| 10 | Bazidpur Saboli | 22-02-14 | 22-05-2025 | 10:00AM | General Chaupal | Kapil | BDPO, Rai |
| 12 | Chhatera Bahadurpur | 16-02-00 | 22-05-2025 | 2:00 PM | General Chaupal | Anurag | BDPO, Rai |
| 11 | Bhaira Bankipur | 03-01-2012 | 23-05-2025 | 10:00AM | General Chaupal | Rahul Sharma | Sepo, Rai |
| 13 | Dahisara | 25-07-01 | 23-05-2025 | 2:00 PM | Chouhan Choupal | Vivek | BDPO, Rai |
| 14 | Halalpur | 08-04-08 | 26-05-2025 | 10:00AM | General Chaupal | Vikram | BDPO, Rai |
| 15 | Nahra | 29-06-03 | 26-05-2025 | 2:00 PM | Beervan Choupal | Mohit | BDPO, Rai |
| 16 | Jhinjholi | 33-05-09 | 27-05-2025 | 10:00AM | General Chaupal | Mukesh | BDPO, Rai |
| 17 | Katlupur | 14-02-18 | 27-05-2025 | 2:00 PM | General Chaupal | Mukesh | BDPO, Rai |
| 18 | Janti Kalan | 08-06-14 | 28-05-2025 | 10:00AM | General Chaupal | Surender | BDPO, Rai |
| 19 | Janti Khurd | 41-07-10 | 28-05-2025 | 2:00 PM | Grum Sachivalya | Sarcen | BDPO, Rai |
| 20 | Patia | 04-06-2011 | 29-05-2025 | 10.00AM | General Chaupal | Sumy | BDPO, Rai |
| 21 | Jakholi | 185-6-6 | 29-05-2025 | 10:00 AM | Gram Sachivalya | Sachin | ADC, Sanipat |
| 22 | Kheri Manajat | 03-06-09 | 30-05-2025 | 10.00AM | General Chaupal | Nitin Kataria | Sepo. Rai |
| 23 | Garhi Bala | 07-00-00 | 30-05-2025 | 2:00 PM | General Chaupal | Sumit Hooda | BDPO Rai |
| 24 | Sersa | 11-01-00 | 31-05-2025 | 10.00AM | General Chaupal | Sanjay | BDPO Rai |
| 25 | Bindhroli | 13-02-12 | 31-05-2025 | 2:00 PM | General Chaupal | Pardeep Chahal | BDPO Rai |

हस्ता/- खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, राई।

## चिंतन

# भारतीय टेस्ट क्रिकेट में एक विराट युग का अंत

पश्चिम दिल्ली के लड़के का 'स्वैग' लेकर भारतीय ड्रेसिंग रूम में दाखिल हुए विराट कोहली क्रिकेट को लेकर अपने असीम जुनून के चलते मौजूदा दौर के महानायक बनकर उभरे और ऐसे समय में पारंपरिक क्रिकेट से विदा ली, जब उनके और खेलते रहने की उम्मीद की जा रही थी। किंग कोहली के संन्यास को भारतीय टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में एक विराट युग का अंत है। उन्होंने पिछले साल ही टी-20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया था। वह अब सिर्फ एक दिवसीय क्रिकेट में खेलेंगे। अपने सीनियर खिलाड़ियों के लिए 'चीकू' से जूनियर खिलाड़ियों के 'भैया' तक 'किंग कोहली' ने लंबा सफर तय किया है और अपने करियर में काफी उतार-चढ़ाव भी देखे। 2006 में 18 बरस के कोहली ने अपने पिता प्रेम कोहली के निधन की खबर सुनकर भी 90 रन बनाकर दिल्ली को फॉलोआन से बचाया और फिरोज शाह कोटला स्टेडियम से सीधे श्मशान घाट जाकर उनका अंतिम संस्कार किया। इसके बाद 2025 में 36 साल के सुपरस्टार विराट कोहली को रेलवे के मध्यम तेज गेंदबाज हिमांशु सांगवान ने करीब 20000 दर्शकों के सामने रणजी ट्रॉफी मैच में आउट किया। वह आखिरी बार था जब कोहली सफेद जर्सी में चमचमाती एसजी गेंद को खेलते दिखे। बीच के 18 साल में उन्होंने 30 टेस्ट शतक लगाए। कोहली ने पिछली और मौजूदा पीढ़ी को टेस्ट क्रिकेट से प्यार करना सिखाया। इंडियन प्रीमियर लीग की जगमगाहट के बीच लोग कोहली को टेस्ट बल्लेबाजी करते देखना चाहते रहे हैं। कोहली को 10000 टेस्ट रन पूरे करने के लिए 770 रन और चाहिए थे। 36 वर्ष के कोहली ने 123 मैचों में 46.85 की औसत से 30 शतक समेत 9230 रन बनाने के बाद टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। उनके समकालीन इंग्लैंड के जो रूट टेस्ट में 13000 रन पूरे करने से कुछ रन पीछे हैं, जबकि आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ 10000 रन पूरे कर चुके हैं। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन इससे 724 रन दूर हैं। कोहली ने 2014 से 2019 के दौरान टेस्ट क्रिकेट में आक्रामकता की नई परिभाषा लिखी। उनके कवर ड्राइव और फ्रंट फुट पर खेले गए शॉट क्रिकेटप्रेमियों को बरसों याद रहेंगे। सचिन तेंदुलकर को उनकी परिपक्वता के लिए जाना जाता है, तो विराट का व्यक्तित्व गैर अनुरूपतावादी है। कोहली ऐसे दौर में बड़े हुए जब तेंदुलकर का जादू सिर चढ़कर बोलता था और फिर पहचान बनाई। टी-20 के इस दौर में कोहली पांच दिनी क्रिकेट के आखिरी सुपरस्टार कहे जा सकते हैं। अब शायद ऐसा जुनून फिर देखने को न मिले। विराट कोहली ने अतुलनीय विरासत छोड़कर विदा ली है, उन्होंने अनुशासन, फिटनेस, प्रतिबद्धता के मामले में असाधारण उदाहरण प्रस्तुत किया है। नई पीढ़ी के टेस्ट क्रिकेटरों के लिए वे हमेशा आदर्श बने रहेंगे। टेस्ट क्रिकेट में कोहली के अविस्मरणीय योगदान पर देश को गर्व है। विराट कोहली ने अपने करियर के शिखर पर टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहकर मिसाल कायम की है। इससे पहले भारत के हिटमैन रोहित शर्मा भी इसी तरह अपने करियर के स्वर्णिम शिखर पर रहते हुए टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया। टेस्ट क्रिकेट के मैदान पर शायद ही ऐसी कोई चुनौती रही हो, जिसने विराट कोहली को विचलित किया हो। उन्होंने चुनौतियों से लड़ना नहीं छोड़ा और 2014 से 2019 के बीच ऐसी ऊंचाईयों को छुआ, जहां आधुनिक दौर के कई क्रिकेटर नहीं पहुंच पाए हैं। उनका प्रदर्शन युवा बल्लेबाजों के लिए 'ब्लूप्रिंट' है जिन्हें कोहली और रोहित शर्मा के बाद भारतीय क्रिकेट की कमान संभालने का काम सौंपा गया है।



आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# युद्ध के दौर में एमएसएमई की अहमियत


पिछले माह 21 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस पर अपने संबोधन में कहा कि इस समय नए व्यापार युग के बदलाव के दौर में भारत के एमएसएमई के पास चुनौतियों के बीच दुनिया में आगे बढ़ने के ऐतिहासिक अवसर भी हैं और ये उद्योग वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि टैरिफ वार से एमएसएमई क्षेत्र को जो झटका लग रहा है, उस झटके से उबारने के लिए जहाँ एक ओर सरकार के द्वारा एमएसएमई के समक्ष दिखाई दे रही चुनौतियों के समाधान के लिए रणनीति बनाकर निर्यातकों को सहारा देना होगा,वहीं एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों और निर्यातकों को भी नई चुनौतियों के मद्देनजर तैयार होना होगा।

यकीनन इस समय पाकिस्तान से युद्ध के माहौल के बीच भारत की अर्थव्यवस्था के संसाधनों और उत्पादन प्रणाली पर दबाव के मद्देनजर देशभर में सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यमों (एमएसएमई) की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। वस्तुतः आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने पर स्थानीय स्तर पर मौजूद एमएसएमई खाद्य उत्पाद, छोटे रक्षा उत्पाद और दवाई जैसी अन्य जरूरी वस्तुओं का तेजी से कम लागत पर उत्पादन करने में अहम भूमिका निभाते हैं। उल्लेखनीय है कि 7 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के जिन विभिन्न मंत्रालयों को युद्ध जैसे हालातों के बीच अपनी पूरी क्षमता के साथ तैयार रहने का निर्देश दिया है उनमें उद्योग मंत्रालय और एमएसएमई भी शामिल है।

गौरतलब है कि एक ओर पाकिस्तान से चरम पर पहुँचे युद्ध तनाव और दूसरी ओर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप से टैरिफ की चुनौती के बीच अमेरिका के द्वारा भारत पर घोषित किए गए 26 फीसदी टैरिफ पर 90 दिनों के विराम ने भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले एमएसएमई को कुछ राहत अवश्य दी है, लेकिन अमेरिकी बाजार पर निर्भर अधिकांश एमएसएमई निर्यातक अमेरिकी खरीदारों द्वारा छूट की नई मांग और अनुबंधों पर नए सिरे से बातचीत के अलावा भुगतान में देरी जैसी चुनौतियों से अपने बचाव के लिए सरकार का रणनीतिक सहयोग जरूरी मान रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले माह 21 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस पर अपने संबोधन में कहा कि इस समय नए व्यापार युग के बदलाव के दौर में भारत के एमएसएमई के पास चुनौतियों के बीच दुनिया में आगे बढ़ने के ऐतिहासिक अवसर भी हैं और ये उद्योग वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि टैरिफ वार से एमएसएमई क्षेत्र को जो झटका लग रहा है, उस झटके से एमएसएमई के उबारने के लिए जहाँ एक ओर सरकार के द्वारा एमएसएमई के समक्ष दिखाई दे रही चुनौतियों के समाधान के लिए रणनीति बनाकर निर्यातकों को सहारा देना होगा,वहीं एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों और निर्यातकों को भी नई चुनौतियों के मद्देनजर तैयार होना होगा। इस परिप्रेक्ष्य में यह बात महत्वपूर्ण है की सरकार निर्यातकों को सहारा देने के लिए 2250 करोड रुपए के निर्यात संवर्धन मिशन को तेजी से लागू करने और बिना रेहन के कर्ज दिए जाने की योजना बना रही है। साथ ही चालू वित्त वर्ष 2025- 26 में एमएसएमई को दिए जाने वाले कर्ज का लक्ष्य पिछले वर्ष की तुलना में करीब 20 फीसदी बढ़ाकर 17.5 लाख करोड रुपये किया गया है। इसी तरह एमएसएमई क्षेत्र भी नए व्यापार युग की सच्चाइयों को समझते हुए नवाचार, प्रतिस्पर्धा, क्षमता में सुधार तथा शोध की डगर पर आगे बढ़ने की तैयारी कर रहा है।

निस्संदेह एमएसएमई क्षेत्र देश के विनिर्माण, निर्यात और रोजगार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एमएसएमई मंत्रालय की नई रिपोर्ट के मुताबिक देश में करीब 5.93 करोड़ पंजीकृत एमएसएमई हैं। इनमें 25 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला हुआ है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एमएसएमई का योगदान करीब 30 फीसदी है। एमएसएमई से वर्ष



2024-25 में करीब 12.39 लाख करोड़ रुपए का निर्यात किया गया है। देश से निर्यात किए गए कुल उत्पादों में से करीब 46 फीसदी उत्पाद एमएसएमई क्षेत्र से हैं।

स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि एमएसएमई के लिए निर्मित होने वाली विभिन्न चुनौतियों के मद्देनजर मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में में एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने के उद्देश्य से बहुआयामी उपायों की एक श्रृंखला प्रस्तुत की है। इसके तहत वित्तीय सहायता और खरीद नीतियों से लेकर क्षमता निर्माण और बाजार एकीकरण तक की पहले शामिल हैं। प्रमुख पहलों में उद्यम पंजीकरण पोर्टल, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएमईजीपी, स्फूर्ति और एमएसई के लिए सार्वजनिक खरीद नीति शामिल हैं, जिनका उद्देश्य उद्यमिता को प्रोत्साहन देना, रोजगार बढ़ाना और अनौपचारिक क्षेत्रों को औपचारिक अर्थव्यवस्था में एकीकृत करना है। उद्योगों का विस्तार करने और दक्षता में सुधार करने में मदद करने के लिए, एमएसएमई वर्गीकरण के लिए निवेश और टर्नओवर सीमा बढ़ा दी गई है। निश्चित रूप से निर्यातकों को सहारा देने के सरकार के ये कदम सराहनीय हैं। लेकिन पाकिस्तान से युद्ध के माहौल और ट्रंप के टैरिफ तूफान का मुकाबला करने और निकट भविष्य में निर्मित होने वाले उभरते अवसरों को मुट्ठी में लेने के मद्देनजर एमएसएमई को हर संभव उपाय से मजबूत बनाना होगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि ट्रंप ने भारत पर 26 फीसदी टैरिफ लगाए हैं, जो कि चीन पर 245 फीसदी, बांग्लादेश पर 37 फीसदी तथा श्रीलंका पर 44 फीसदी टैरिफ से कम है। ऐसे में भारत के कई चुनिंदा एमएसएमई उत्पादों को तुलनात्मक लाभ मिल सकता है। फिर भी 26 फीसदी टैरिफ की व्यापक चुनौती का मुकाबला करने की डगर पर आगे बढ़ने के लिए कई और बातों पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी है। नए सिरे से एमएसएमई की क्षमताओं को उन्नत करने, संचालन को सुव्यवस्थित करने तथा किसी भी निर्यात झटके से निपटने के लिए एमएसएमई को नीतिगत समर्थन का लाभ दिए जाने के प्रयासों में तेजी लाना होगी। इससे भारत की एमएसएमई उतार-चढ़ाव भरे सफर को आगे बढ़ा सकेगी।

इस बात पर भी ध्यान दिया जाना होगा कि बुनियादी ढांचे की मजबूती, अधिक लॉजिस्टिक्स सुविधाएं, कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाने, ब्याज समतुल्य योजना को फिर से शुरू किया जाने तथा ऋण गारंटी कार्यक्रमों का विस्तार करने जैसे उपायों से एमएसएमई को वित्तीय राहत और स्थिरता प्रदान की जा सकती है। सरकार के द्वारा एमएसएमई को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के परिपालन में आ रही कठिनाइयों पर ध्यान देते हुए जीएसटी व्यवस्था को सरल करना होगा। एमएसएमई के हित में उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं का विस्तार किए जाने से विशेष रूप से निर्यात-उन्मुख एमएसएमई लाभांवित होंगे। नवाचार की नई लहर एमएसएमई के लिए नया अध्याय लिख सकती है। इस बात पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा कि भारत के एमएसएमई गुणवत्ता को मुट्ठी में लेकर समकालीन डिजिटल तकनीकों को अपनाते हुए अमेरिका सहित वैश्विक बाजार में अपनी प्रतिस्पर्धात्मक शक्ति को रणनीतिक रूप से बढ़ा सकते हैं। ऐसे विभिन्न उपायों से भारत टैरिफ की चुनौतियों को एमएसएमई के लिए उभरते हुए नए अवसरों के दौर में बदल सकता है। निश्चित रूप से देश के एमएसएमई क्षेत्र के लिए अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के द्वारा हाल ही में प्रस्तुत यह उम्मीद लाभप्रद है कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय कारोबार समझौता (बीटीए) के लिए की जा रही व्यापार वार्ता सफल रूप से निष्कर्ष पर पहुंचने के बहुत करीब है। ऐसे में भारत पहला देश हो सकता है जो अमेरिका के साथ समझौता करेगा।

(लेखक वरिष्ठ अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विराट कोहली

विनोद पाठक



# अलग ही मिट्टी के बने हैं किंग

दिवंगत अभिनेता देवानंद की फिल्म 'हम दोनों' का प्रसिद्ध गीत है 'अभी न जाओ छोड़कर के दिल अभी भरा नहीं'। क्रिकेटर विराट कोहली के लिए आज दुनियाभर में करोड़ों फैन्स के मन में यही गीत बज रहा है। विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास को लेकर दो दिन से चल रही ऊहापोह उस समय समाप्त हो गई, जब विराट कोहली के संन्यास की आधिकारिक घोषणा हो गई। पिछले वर्ष टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद विराट कोहली ने टी-20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। अब विराट कोहली वन-डे क्रिकेट में खेलते नजर आएंगे। हालांकि, लग तो यही रहा है कि जल्द ही वह वन-डे क्रिकेट से भी संन्यास ले लेंगे। जैसा नाम है, वैसा ही विराट व्यक्तित्व कोहली का है, जिन्हें साथी खिलाड़ी प्यार से चीकू भी पुकारते हैं। वर्ष 2008 में अंडर-19 टीम इंडिया को वर्ल्ड कप जीताने से लेकर अब टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने तक विराट कोहली के व्यक्तित्व में 360 डिग्री का परिवर्तन देखने को मिला है। जब विराट कोहली अंडर-19 में



खेलते थे तो एक चबी ब्वॉय हुआ करते थे। तब विराट कोहली की फिटनेस वैसी नहीं थी, जैसी आज है। इंटरनेशनल क्रिकेट में कदम रखते ही विराट कोहली ने न केवल स्वयं को बदला, बल्कि आज वह लाखों-लाख युवाओं के लिए फिटनेस को लेकर प्रेरणास्रोत भी बन गए हैं। 36 वर्षीय विराट कोहली की फिटनेस आज भी टीम इंडिया में खेल रहे कई युवा क्रिकेटरों के कहीं बेहतर है। मास्टर ब्लॉस्टर सचिन तेंदुलकर के क्रिकेट से रिटायरमेंट के बाद यदि भारतीय फैन्स को किसी एक क्रिकेटर पर यह विश्वास रहा है कि अगर वह मैदान पर खड़ा है तो टीम इंडिया जीत सकती है तो वह विराट कोहली ही हैं। विराट कोहली को चेस मास्टर यानी रनों का पीछा करने वाला खिलाड़ी भी कहा जाता है। उन्होंने टीम इंडिया को कई मुश्किल मैचों में जीत दिलाई है। कई क्रिकेटर तो यह कहते हैं कि विराट कोहली जब मैदान पर होते हैं तो उनके दिमाग में बॉल दर बॉल एक अलग ही कैलकुलेशन चलती है, जो कोई दूसरा क्रिकेटर नहीं कर पता है। विराट कोहली न केवल खुद खेलते हैं, बल्कि साथी खिलाड़ी को भी वह उसी अंदाज में खिलाते हैं कि टीम अपनी जीत सुनिश्चित कर लेती है।

विराट कोहली केवल एक क्रिकेटर नहीं हैं, वह एक बड़े यूथ आइकॉन भी हैं। वह भारत के बहुत बड़े ब्रांड एंबेसडर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर भारतीय सेना के डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई तक उनके बहुत बड़े प्रशंसक हैं। जब ऑपरेशन सिंदूर को लेकर ले. जनरल घई भारतीय सेना की प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे, तब उन्होंने विराट कोहली के रिटायरमेंट की बात कही। इससे पता चलता है कि विराट कोहली की फैन फॉलोइंग कहां तक है? अपने करियर की शुरुआत में एक इंटरव्यू में विराट कोहली ने कहा था कि वो नास्तिक हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में विराट कोहली का झुकाव अध्यात्म की तरफ झुका है। इसमें उनकी धर्मपत्नी अनुष्का शर्मा का बहुत बड़ा योगदान है। विराट कोहली नीम करोली बाबा के कैंची धाम और वृंदावन में प्रेमानंद महाराज के सानिध्य में जा चुके हैं। उज्जैन में महाकाल दर्शन का विराट कोहली का एक वीडिया भी वायरल हुआ था। यदि हम विराट कोहली के टीवी इंटरव्यूज को देखें तो पता चलता है कि वह कितने सुलझे हुए व्यक्ति हैं। क्रिकेट के प्रति उनका समर्पण किसी से छिपा हुआ नहीं है। यह किस्सा तो सभी को पता है कि अपने पिता के अंतिम संस्कार के बाद वह खेलने के लिए मैदान पर उतर गए थे, क्योंकि टीम को उनकी जरूरत थी।

विराट कोहली ने 123 टेस्ट मैच खेले हैं, जिनकी 210 इनिंग्स में उन्होंने 9230 रन बनाए हैं, जिनमें 30 शतक और 31 अर्धशतक शामिल हैं। उनका अधिकतम स्कोर 254 रन नाबाद है। टेस्ट क्रिकेट में कोहली ने 121 कैच लिए हैं। वैसे तो किंग कोहली बैट्समैन हैं, लेकिन टेस्ट की 11 इनिंग्स में उन्होंने 175 गेंदें भी फेंकी हैं, लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला है। यह सत्य है कि विराट कोहली कभी अपने व्यक्तिगत रिकॉर्ड के लिए नहीं खेले। वह एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने सदैव टीम स्पिरिट को ऊपर रखा है। यदि व्यक्तिगत रिकॉर्ड के लिए विराट कोहली को खेलना होता तो अभी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का समय नहीं था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने उनसे अनुरोध भी किया कि वह अपने संन्यास पर पुनर्विचार कर लें। महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने एक समय कहा था कि आपको उस समय अपने खेल से संन्यास लेना चाहिए, जब लोग पूछें 'क्यों'? और विराट कोहली ने ऐसा ही किया है। आज लोग पूछ रहे हैं कि आखिर ऐसी जल्दबाजी थी, जो विराट कोहली ने संन्यास लिया है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हम जो भी करेंगे वह कर्म




संकलित

**दर्शन**

'इगोसेंट्रिक' कर्म को वे कर्म कहते हैं। ऐसे कर्म को, जिसमें कर्ता मौजूद है। जिसमें कर्ता यह विचार करके ही कर रहा है कि करने वाला मैं हूं। जब तक मैं करने वाला हूं, तब तक हम जो भी करेंगे, वह कर्म है। अगर मैं संन्यास ले रहा हूं, तो संन्यास एक कर्म हो गया। अगर मैं त्याग कर रहा हूं, तो त्याग एक कर्म हो गया। अकर्म का मतलब ठीक उलटा है। अकर्म का मतलब है ऐसा कर्म, जिसमें कर्ता नहीं है। जिसमें मैं कर रहा हूं, ऐसा कोई बिंदु नहीं है। ऐसा कोई केंद्र नहीं है, जहां से यह भाव उठता है कि मैं कर रहा हूं। अगर मैं कर रहा हूं, यह खो जाए, तो सभी कर्म अकर्म है। कर्ता खो जाए तो सभी कर्म अकर्म है। इसलिए कृष्ण का कोई कर्म, कर्म नहीं है, सभी अकर्म हैं। कर्म और अकर्म के बीच में विकर्म की जगह है। विकर्म का अर्थ है, विशेष कर्म। विशेष कर्म किसे कहते हैं कृष्ण? जहां न कर्ता है, और न कर्म। फिर भी चीजें तो होंगी। फिर भी चीजें तो होंगी ही। आदमी श्वास तो लेगा ही। न कर्म है, न कर्ता है। श्वास तो लेगा ही। श्वास कर्म तो है ही। खून तो गति करेगा ही शरीर में। भोजन तो पचेगा ही। ये कहां पड़ेंगे? ये विकर्म हैं। ये मध्य में हैं। यहां न कर्ता है, न कर्म है। साधारण मनुष्य कर्म में है, संन्यासी अकर्म में है, परमात्मा विकर्म में है। वहां न कोई कर्ता है, न कोई कर्म है। वहां चीजें ऐसी ही हो रही हैं, जैसे श्वास चलती है। वहां चीजें बस हो रही हैं। यह कर्म योग का तत्व है । जो विकर्म को समझ लेगा, वह अकर्म में उतर जाएगा। कर्म हमारी स्थिति है, जैसे हम जी रहे हैं। विकर्म हमारी समझ होगी, अकर्म हमारा होना हो जाएगा।

## सिद्धियों का उचित प्रयोग ही करें



संकलित

**प्रेरणा**

चार विद्वान ब्राह्मण मित्र थे। एक दिन चारों ने संपूर्ण देश का भ्रमण कर हर प्रकार का ज्ञान अर्जित करने का निश्चय किया। चारों ब्राह्मणों ने चार दिशाएं पकड़ीं और अलग-अलग स्थानों पर रहकर अनेक प्रकार की विद्याएं सीखीं। पांच वर्ष बाद चारों अपने गृहनगर लौटे और एक जंगल में मिलने की बात तय की। चूंकि चारों परस्पर एक-दूसरे को अपनी गूढ़ विद्याओं व सिद्धियों को बताना चाहते थे, अतः इसके लिए जंगल से उपयुक्त अन्य कोई स्थान नहीं हो सकता था। जब चारों जंगल में एक स्थान पर एकत्रित हुए तो वहां उन्हें शेर के शरीर की एक हड्डी पड़ी हुई मिली। एक ब्राह्मण ने कहाः मैं अपनी विद्या से इस एक हड्डी से शेर का पूरा अस्थि पंजर बना सकता हूँ। उसने ऐसा कर भी दिखाया। तब दूसरे ब्राह्मण ने कहाः मैं इसे त्वचा, मांस और रक्त प्रदान कर सकता हूँ। फिर उसने यह कर दिया। अब उन लोगों के समक्ष एक शेर पड़ा था, जो प्राणविहीन था। अब तीसरा ब्राह्मण बोलाः मैं इसमें अपनी सिद्धि के चमत्कार से प्राण डाल सकता हूँ। चौथे ब्राह्मण ने उसे यह कहते हुए रोकाः यह मूर्खता होगी। हमें तुम पर विश्वास है, किंतु यह करके न दिखाओ। किंतु तीसरे ब्राह्मण का तर्क था कि ऐसी सिद्धि का क्या लाभ जिसे क्रियान्वित न किया जाए। उसका हठ देखकर चौथा ब्राह्मण तत्काल पास के पेड़ पर चढ़कर बैठ गया। तीसरे ब्राह्मण के मंत्र पढ़ते ही शेर जीवित हो गया। प्राणों के संचार से शेर को आहार की आवश्यकता महसूस हुई और उसने सामने मौजूद तीनों ब्राह्मणों को मारकर खा लिया। चौथे ब्राह्मण ने समझदारी से अपने प्राण बचा लिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**बोधिवृक्ष की छाया में जन्मा मानवता का प्रकाश**

वैशाख मास की पूर्णिमा को प्रतिवर्ष बुद्ध पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। बुद्ध पूर्णिमा का दिन बौद्ध धर्मावलंबियों के लिए अत्यंत पवित्र और विशेष होता है क्योंकि यही वह तिथि है जब भगवान बुद्ध का जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण तीनों घटनाएं घटी थी। ऐसा माना जाता है कि 563 ईसा पूर्व वैशाख पूर्णिमा के दिन नेपाल के लुंबिनी वन में शाल वृक्षों के बीच महारानी माया देवी ने सिद्धार्थ को जन्म दिया था, जो बाद में महात्मा बुद्ध कहलाए। उनके जन्म का स्थान आज नेपाल में स्थित है। गौतम बुद्ध का वास्तविक नाम सिद्धार्थ था। वे शाक्य वंश के क्षत्रिय थे और उनके पिता कपिलवस्तु के राजा शुद्धोधन थे। मानवता के कल्याण के लिए उन्होंने महती योगदान दिया।

*- विजय काम्बली, रायगढ़*

## ट्रेंड

### बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं



सभी देशवासियों को बुद्ध पूर्णिमा की ढेरों शुभकामनाएं। सत्य, समानता और सद्भाव के सिद्धांत पर आधारित भगवान बुद्ध के संदेश मानवता के पथ-प्रदर्शक रहे हैं। त्याग और तप को समर्पित उनका जीवन विश्व समुदाय को सदैव करुणा और शांति के लिए प्रेरित करता रहेगा।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### संताली भाषाविद को श्रद्धांजलि



प्रसिद्ध भाषाविद् और 'ओलचिकी' लिपि के आविष्कारक पंडित रघुनाथ मुर्मू को उनकी जयंती पर मेरी हार्दिक श्रद्धांजलि। मुर्मू एक लेखक थे जिन्होंने संताली भाषा के लिए 'ओलचिकी' लिपि विकसित की थी।

**ममता बनर्जी, सीएम, प बंगाल**

### बुद्ध का अनुसरण करें



बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। भगवान बुद्ध का जीवन आत्म-बोध तथा निःस्वार्थ सेवा की प्रेरणा देता है। आइए, हम सभी बुद्ध के ध्यान, करुणा और सह-अस्तित्व के पथ का अनुसरण कर समरस व शांतिपूर्ण समाज के निर्माण का संकल्प लें।

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, यूपी**

### तुर्किये में पुतिन का इंतजार



रूस के साथ पूर्ण और अस्थायी युद्धविराम की उम्मीद है। मैं रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ 'व्यक्तिगत तौर पर' बातचीत करने के लिए तुर्किये जाऊँगा। मैं तुर्किये में पुतिन का इंतजार करूंगा।

**-वोलोदिमीर जेलेंस्की, राष्ट्रपति, यूक्रेन**

## करंट अफेयर

# चोरी हुई बौद्ध प्रतिमा दक्षिण कोरिया ने जापान को लौटाई

जापान के एक मंदिर से करीब 13 साल पहले चुराई गई 14वीं सदी की कोरियाई बौद्ध प्रतिमा सोमवार को वापस कर दी गई। प्रतिमा के स्वामित्व को लेकर जापान और दक्षिण कोरिया के बीच वर्षों से कानूनी लड़ाई चल रही थी, जिससे दोनों पड़ोसी देशों के बीच संवेदनशील संबंध और तनावपूर्ण हो गए थे। जब प्रतिमा को लेकर एक ट्रक जापान के पश्चिमी द्वीप तुशिमा के कन्नोनजी मंदिर में पहुंचा तो सड़क किनारे खड़े मंदिर के कई सदस्यों और स्थानीय निवासियों ने स्वागत करते हुए तालियां बजाईं। संभावना है कि मंदिर में एक अनुष्ठान के बाद मूर्ति को स्थानीय संग्रहालय में रखा जाएगा।



बोधिसत्व की कांस्य की प्रतिमा को बैठी हुई मुद्रा में दर्शाया गया है और इसकी ऊंचाई लगभग 50 सेंटीमीटर है। इसे क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर घोषित किया गया है और यह 2012 में कन्नोनजी से चुराई गई दो प्रतिमाओं में से एक थी। दक्षिण कोरियाई सरकार ने उस वक्त एक प्रतिमा को जापानी मंदिर को लौटा दिया था, जब अधिकारियों ने चोरों से यह प्रतिमा बरामद की थी। मामले में चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया था और उनके खिलाफ मुकदमे चलाए गये थे। लेकिन, बोधिसत्व की प्रतिमा को लेकर कानूनी विवाद उस वक्त शुरू हो गया।

## ऑफ बीट

# मददगार कीटों को कायम रखने उठाने होंगे कदम

कीट-पतंग हमारे चारों ओर हैं- फुटपाथ पर चींटी, भिनभिनाती हुई मधुमक्खी, हवा में उड़ती हुई तितली-और वे हमारे अनुभव की दुनिया को आकार देते हैं।



वे फूलों के परागण, कचरे को विघटित करने, कीटों को नियंत्रित करने और खाद्य श्रृंखलाओं में महत्वपूर्ण कड़ी हैं। मनुष्य कीटों पर कितना भी निर्भर क्यों न हो, हमारे कार्यों से दुनिया के कई हिस्सों में उनकी आबादी कम हो रही है। हाल में हुए एक अध्ययन में पाया गया कि पिछले दो दशकों में अमेरिका ने अपनी 20 प्रतिशत से ज्यादा तितलियां खो दी हैं। अफसोस की बात है कि गिरावट की यह दर असामान्य नहीं है। कई अध्ययनों में पाया गया है कि कीटों की आबादी हर साल दो प्रतिशत की दर से घट रही है। ऐसा क्यों हो रहा है, यह समझने के लिए अंतरराष्ट्रीय शोध समूह 'स्टेटस ऑफ इन्सेक्ट्स' ने कीटों की कमी के कारणों पर 175 हालिया अध्ययनों की समीक्षा की। हमें सैकड़ों संभावित कारण मिले जो सभी एक दूसरे से जुड़े हुए हैं, जिनमें से लगभग सभी सीधे या परोक्ष रूप से मानवीय गतिविधियों से उत्पन्न होते हैं। कीटों की कमी के कारण आपस में जुड़े हुए हैं, कीट-पतंगों की संख्या में कमी के कुछ मुख्य कारण हैं: गहन कृषि, जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, आक्रामक प्रजातियां और प्राकृतिक वास का नुकसान।

**हमारा पता**

हरिभूमि कार्यालय

नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20

ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**

वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# आकाश से वार, ब्रह्मोस से प्रहार... भारत के वो स्वदेशी हथियार जो पाकिस्तान की कमर तोड़ने का बने आधार




**भारत की रक्षा प्रणाली में स्वदेशी ताकत की गर्जना**

## सेना बोली- आतंकियों के अड्डों को तबाह करने में आकाश मिसाइल ने निभाई अहम भूमिका

देश में ही तैयार 'आकाश' सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल वायु रक्षा प्रणाली ने पिछले दिनों पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष में अहम भूमिका निभाई है। जिसकी जानकारी सोमवार को एयर मार्शल एके भारती ने पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का आज तीसरा दिन है। सीमा पर भले ही शांति है लेकिन दोनों देशों के बीच तनाव का माहौल बना हुआ है। सोमवार को एक बार फिर भारत की डीजीएमओ ने पत्रकार वार्ता की है। जिसमें उन्होंने पाकिस्तान की ओर किए गए कायराना हमलों की पोल खोल दी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि, पाकिस्तान की ओर से किए गए हमले की कोशिशों को रोकने के लिए किन हथियारों का इस्तेमाल किया गया।



## पेचोहा, ओएके और लाला तोपों ने पाकिस्तानी सेना के कर दिए दांत खट्टे

एके भारती ने कहा कि आज के आधुनिक युद्ध में नेटसेंट्रिक ऑपरेशनल क्षमता यानि सभी हथियार और सैनिकों को एक नेटवर्क के जरिये जोड़कर साथ में लड़ने की ताकत बहुत जरूरी हो गई है। इस पर काफी कुछ कहा और लिखा जा चुका है, खासकर नए सिस्टम्स के बारे में। लेकिन मैं यहां ये कहना चाहता हूं कि हमारे पुराने, लेकिन जंग में आजमाए हुए सिस्टम्स ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया है। जैसे कि 'पेचोहा', 'ओएके' और 'लाला' तोपें- ये पुराने सिस्टम्स होते हुए भी पाकिस्तानी खतरे का डटकर सामना कर रहे हैं। दुश्मन के पास आधुनिक हथियार थे, लेकिन इन पुराने और विश्वसनीय हथियारों ने भी अपनी ताकत साबित की और सीधी टक्कर दी। एक और खास बात यह है कि हमारे देश में बने स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम 'आर्चर सिस्टम' ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। मैं विशेष रूप से ये कहना चाहूंगा कि पिछले 10 सालों में इस ताकतवर एयर डिफेंस नेटवर्क को तैयार करना संभव हुआ है, और इसका श्रेय भारत सरकार को जाता है, जिसने लगातार बजट और नीति के स्तर पर पूरा समर्थन दिया है ताकि हम अत्याधुनिक हथियार और सिस्टम खरीद सकें।

### स्वदेशी वायु रक्षा हथियारों ने शानदार प्रदर्शन किया

एयर मार्शल भारती ने बताया कि, पाकिस्तान को माकूल जबाव देने के लिए आकाश मिसाइलें भारतीय सेना द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली हथियार प्रणालियों में से एक थीं। इस पूरे घटनाक्रम में एक और मुख्य आकर्षण आकाश प्रणाली जैसे स्वदेशी वायु रक्षा हथियारों का शानदार प्रदर्शन था। हमारी लड़ाई आतंकी ढांचे और आतंकवादियों के खिलाफ थी, लेकिन पाक सेना ने आतंकवादियों का समर्थन करना चुना और संघर्ष को बढ़ाया।

### आकाश हवाई खतरों से बचाने वाला भारत का स्वदेशी हथियार

'आकाश' को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने तैयार किया। डीआरडीओ की ओर से विकसित 'आकाश' एक मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल रक्षा प्रणाली है। इसे डीआरडीओ और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड की ओर से निर्मित मिसाइलों द्वारा विकसित किया गया है।

### 18,000 मीटर की ऊंचाई, 45 किमी दूरी तक निशाना

'आकाश' बैटरी मिसाइल प्रणाली 18,000 मीटर की ऊंचाई पर 45 किलोमीटर दूर तक के विमानों को निशाना बना सकती है। इसमें लड़ाकू जेट, क्रूज मिसाइल और हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों के साथ-साथ बैलिस्टिक मिसाइलों जैसे हवाई लक्ष्यों को बेअसर करने की क्षमता है।

### आकाश मिसाइल की खासियत

- ▶▶ **वॉर हेड**: 60 किलोग्राम प्री-फ्रैगमेंटेड हाई एक्सप्लोसिव वॉर हेड
- ▶▶ **प्रणोदन**: सॉलिड बूस्टर और इंटीग्रल रॉकेट या रैमजेट सस्टेनर मोटर
- ▶▶ **ऑपरेशनल रेंज**: 45 किमी
- ▶▶ **अधिकतम गति**: मैक 2.5
- ▶▶ गाइडेंस सिस्टम मिड कोर्स: डेटालिंक के साथ कमांड मार्गदर्शन
- ▶▶ **टर्मिनल**: सक्रिय रडार होमिंग
- ▶▶ **लॉन्च प्लेटफॉर्म**: टी-72 या बीएमपी-2 चेसिस या हैवी मोबिलिटी ट्रक
- ▶▶ **लॉइटरिंग क्षमता**: टारगेट पर देर तक मंडराने और सही समय पर हमला
- ▶▶ **विस्फोटक क्षमता**: 5-10 किलोग्राम
- ▶▶ **स्वायत्त संचालन**: मानव हस्तक्षेप के बिना लक्ष्य को ढूंढकर नष्ट करता है
- ▶▶ **छोटे लक्ष्य पर प्रहार**: आतंकी अड्डों और कमांड सेंटर्स पर सटीक वार ऑपरेशन सिंदूर में सफलता 7 मई 2025 को इन ड्रोन ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को तबाह किया, जिनमें हाफिज सईद और मसूद अजहर के मदरसे भी शामिल थे।
- ▶▶ **इन मिसाइलों का पाकिस्तान पर हुआ असर** : इसने आतंकी नेटवर्क की कमर तोड़ दी और रणनीतिक संतुलन भारत के पक्ष में कर दिया।
- ▶▶ **रणनीतिक और आर्थिक असर** : आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम इन स्वदेशी प्रणालियों ने भारत को न केवल सैन्य रूप से बल्कि औद्योगिक रूप से भी मजबूती दी है। विदेशी आयात पर निर्भरता कम हुई है और रक्षा उत्पादन में तेजी आई है।

## आकाश डिफेंस सिस्टम को बनाने वाले डॉ. रामाराव के छलके खुशी के आंसू



पाकिस्तान की तरफ से किए गए हवाई हमलों को नाकाम करने में स्वदेशी आकाश मिसाइल डिफेन्स सिस्टम ने एक अहम भूमिका निभाई है। पाकिस्तान से आने वाले ड्रोन और मिसाइलों को आकाश ने पल भर में ढेर कर दिया। इस बात की ख़बर आकाश मिसाइल डिफेंस सिस्टम को बनाने वाले डॉ प्रहलाद रामाराव को खुशी से आंखों के खुशी के आंसू बहने लगे। आकाश प्रोजेक्ट के डायरेक्टर रह चुके पद्मश्री डॉ रामाराव के लिए ये एक भावनात्मक पल था कि उनकी टीम द्वारा बनाया गया ये एयर डिफेन्स सिस्टम देश के काम आ रहा है। उनको खुशी थी कि उनका बनाया गया सिस्टम दुश्मन को नाकों चने चबवा रहा था।

**पाकिस्तान से सारे देशों ने पल्ला झाड़ा**

## ऑपरेशन सिंदूर को रूस, ब्रिटेन और नीदरलैंड जैसे बड़े-बड़े देशों ने भारत का समर्थन किया

पेरिस। पाकिस्तानी सेना से लेकर मंत्री और प्रधानमंत्री तक जिस तरह एक के बाद एक झूठ बोल रहे हैं, उसमें उनकी बौखलाहट साफ नजर आ रही है। पाकिस्तान ने ऐसा ही एक बयान राफेल को लेकर दिया था कि उसने भारत के कई राफेल उड़ा दिए। हालांकि, ये झूठ फैलाने वालों को फ्रांस ने जवाब दिया है। फ्रांस ने बताया कि उसके पास इसकी कोई जानकारी नहीं है कि कोई राफेल गिराया गया है। फ्रांस ने कहा कि भारत का ऑपरेशन आतंकवाद के खिलाफ है और यह समर्थन के लायक है। भारत के साथ 3-4 दिन चली इस तनातनी में पाकिस्तान से सारे देशों ने पल्ला झाड़ लिया, यहां तक की उसका जिगरी दोस्त चीन भी साथ खड़ा नजर नहीं आया। जहां इजराइल, रूस, ब्रिटेन और नीदरलैंड जैसे बड़े-बड़े मुल्कों ने भारत का साथ दिया तो वहीं अमेरिका और चीन ने भले खुलकर कुछ न कहा हो, लेकिन उनका कोई भी बयान न तो पाकिस्तान के हक में था और न ही भारत के विरोध में।

### *इजराइल भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है*

*इजराइल ने भी भारत को सिर्फ हथियार नहीं दिए, बल्कि खुलकर भारत के लिए डिप्लोमैटिक स्टैंड भी लिया। हारूप और बराक 8 जैसे इजराइली हथियारों को भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ इस्तेमाल किया, जिससे उसका दम निकल गया। भारत में इजराइली राजदूत रुवेन अजर ने 7 मई को ट्वीट में लिखा, इजराइल भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है।*

▶▶ ***आई लव इंडिया** : डच सांसद गीर्ट विल्डर्स ने न सिर्फ भारत के पक्ष में बात की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'आई लव इंडिया, 100 परसेंट कश्मीर भारत का है। इसके साथ उन्होंने हैशटैग लिखा- पाकिस्तान बिहाइंड पहलगाम टेरर अटैक यानी पहलगाम आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तान है।*

▶▶ ***दोषियों और उनके मददगारों को न्याय के कठघरे में लाना चाहिए: रूस** : इतिहास गवाह है कि रूस हमेशा भारत के साथ एक सच्चे दोस्त की तरह खड़ा नजर आया है और उसने इस बार भी उसने दोस्ती साबित की। पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को तबाह करने के लिए लॉच किए गए ऑपरेशन सिंदूर का रूस ने भी सपोर्ट किया। ऑपरेशन सिंदूर से एक दिन पहले ही 5 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात हुई थी। पुतिन ने पहलगाम आतंकी हमले पर बेहद दुख जताया था और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को फुल सपोर्ट की बात कही थी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पहलगाम जैसे जघन्य अपराध के दोषियों और उनके मददगारों को न्याय के कटघरे में लाना चाहिए। वहां के विदेश मंत्री ने भी अपने बयान में कहा था कि भारत को आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार है। ये दिखाता है कि रूस भारत के साथ है।*

# सीमावर्ती इलाकों में पटरी पर लौटा जन-जीवन ब्लैकआउट हटा, बाजार, स्कूल-कॉलेज भी खुले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद अब सीमावर्ती इलाकों में जनजीवन सामान्य हो गया है। बाजार खुल गए हैं। सभी जगह से ब्लैकआउट भी हटा लिया गया है। इससे आमजन ने राहत की सांस ली है। जम्मू-कश्मीर, पंजाब, गुजरात और राजस्थान में सीमावर्ती इलाकों में लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हुए थे। उत्तर पश्चिम रेलवे ने भी उन रेलगाड़ियों को बहाल करने की घोषणा की है जिन्हें तनाव के कारण शनिवार को रद्द या आंशिक रूप से रद्द कर दिया था। वहीं, सीजफायर के 43 घंटे बाद 9 राज्यों के 32 एयरपोर्ट्स खोल दिए गए हैं। एयरलाइंस कंपनियों की तरफ से यात्रियों के लिए बुकिंग शुरू कर दी है। 32 एयरपोर्ट्स के लिए एयरलाइन सर्विसेज 9 मई से 15 मई की सुबह 5:29 बजे तक बंद की गई थीं।



### राजस्थान : बीकानेर में अब नहीं होगा ब्लैकआउट जोधपुर में आज से खुलेंगे स्कूल और कॉलेज

भारत-पाक में सीजफायर के बाद श्रीगंगानगर जिले स्थितियां सामान्य हो गई है। हालांकि यहां आज भी शाम 7 बजे बाजार बंद हो गए। जिला प्रशासन ने लोगों से स्वैच्छिक ब्लैकआउट करने की अपील की है। इसके अलावा कलेक्टर डॉ. मंजू ने जिले के किसी भी क्षेत्र में पाकिस्तानी सिम का इस्तेमाल करने पर बैन लगाया है। सीमावर्ती जिले बीकानेर में अब ब्लैकआउट नहीं होगा। कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने 9 मई को जारी किया गया आदेश वापस ले लिया है। हालांकि स्कूल और कॉलेज खुलने को लेकर अब तक कोई आदेश जारी नहीं हुए हैं। बाड़मेर में भी रात को बाजार खुले रहे। उधर, जोधपुर में बंद स्कूल-कॉलेज, यूनिवर्सिटी, आंगनबाड़ी केंद्र और कोचिंग सेंटर्स से खुल जाएंगे।

### पंजाब : 3 जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद चंडीगढ़, हिमाचल के एयरपोर्ट खुले

**चंडीगढ़।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीमाओं पर भले ही सीजफायर हो गया है, लेकिन पंजाब के सीमावर्ती जिलों में अब भी अलर्ट जारी है। इसी के चलते अमृतसर, तरनतारन और पठानकोट जिला प्रशासन ने मंगलवार, 13 मई को भी स्कूल और कॉलेजों को बंद रखने का फैसला लिया है। वहीं, फाजिल्का प्रशासन की ओर से अगले 2 दिन सभी स्कूल और कॉलेजों को बंद रखने का आदेश है। इधर, जालंधर के आदमपुर रोड स्थित चुहड़वाली के पास मार्कफेड के ऑफिस में मिसाइल के टुकड़े मिले। इसके साथ एक शेल भी मिला, जिसे सुरक्षाबलों ने नष्ट कर दिया। वहीं, बठिंडा में शादी में पटाखे फोड़ने पर दूल्हे के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। डीएसपी का कहना है कि डीसी ने आतिशबाजी, पटाखे फोड़ने और ड्रोन उड़ाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया है। इसका उल्लंघन करने पर कार्रवाई की गई है। इसके अलावा, राज्य में हालात सामान्य होने के बाद 5 दिन से बंद पंजाब, चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश के सभी एयरपोर्ट खोल दिए गए हैं। चंडीगढ़ के अलावा पंजाब में अमृतसर, आदमपुर (जालंधर) और साहनेवाल (लुधियाना) एयरपोर्ट खुल गया है। इसी के साथ इंडिगो एयरलाइंस ने अमृतसर एयरपोर्ट के लिए अपना शेड्यूल जारी कर दिया है। इसके अनुसार, रात 8 बजे दिल्ली से अमृतसर के लिए पहली फ्लाइट रवाना होगी।

### कश्मीर: सीमावर्ती जिलों में स्कूल बंद रहेंगे, अपने घरों को लौट रहे लोग

**श्रीनगर।** जम्मू के डिवीजनल कमिश्नर ने कहा कि स्थिति को रीव्यू करने के बाद शिक्षा विभाग ने फैसला लिया है कि नॉन-बॉर्डर जिलों (वे जिले जो पाकिस्तान बॉर्डर पर नहीं हैं) में स्कूल-कॉलेज खोले जाएंगे। वहीं, बॉर्डर डिस्ट्रिक्ट्स (पाकिस्तान सीमा पर स्थित जिले) स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे। श्रीनगर के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एडमिनिस्ट्रेशन ने नोटिफिकेशन जारी किया है कि ऑनलाइन क्लासेस 6 जून तक रहेंगी। हॉस्टल 9 जून तक खुले रहेंगे। 11 जून से क्लासेस रेगुलर क्लासेस शुरू होंगी। जम्मू-कश्मीर हज कमेटी के एग्जीक्यूटिव ऑफिसर डॉ. शुजात अहमद कुरैशी ने बताया कि श्रीनगर से हज के लिए फ्लाइट्स 14 मई से शुरू होंगी। दो दिन में तीन शेड्यूल्ड फ्लाइट्स होंगी। एक जवान ने बताया कि राजौरी के सिविलियन इलाके में 3 रॉकेट शेल नष्ट किए गए। इससे पहले क्लियरेंस यानी जगह को खाली कराया गया था, ताकि लोगों को नुकसान न हो। वहीं, जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में हाल की पाकिस्तानी गोलाबारी से युद्ध जैसे हालात पैदा हुए और जो लोग अपने घर छोड़ गए थे, वे वापस आ सकते हैं क्योंकि दोनों देशों के बीच अब एक सैन्य सहमति बन गई है। अब्दुल्ला ने पाकिस्तानी सेना के जारी दुष्प्रचार को भी खारिज करते हुए कहा कि पड़ोसी देश इसे जारी रखेगा, लेकिन वास्तविकता दुनिया को पता है।

## युद्ध कोई बॉलीवुड की फिल्म नहीं, कूटनीति पहली पसंद : पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे

**पुणे (भाषा)।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रोकने के फैसले पर उठ रहे सवालों की आलोचना करते हुए कहा कि ''युद्ध न तो रोमांटिक होता है और न ही यह बॉलीवुड की कोई फिल्म है।'' उन्होंने रविवार को पुणे में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आदेश मिलेगा तो वह युद्ध के लिए तैयार रहेंगे, लेकिन उनकी पहली प्राथमिकता हमेशा कूटनीति रहेगी। पूर्व सेना प्रमुख ने बताया कि यह एक उथल-पुथल भरा सप्ताह रहा है, जिसकी शुरुआत 'ऑपरेशन सिंदूर' से हुई। इसके अंतर्गत भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों और बुनियादी ढांचे पर हमला किया जिसके बाद चार दिनों तक हवाई और कुछ जमीनी लड़ाइयां चलीं। उन्होंने कहा, अंत में सैन्य कार्रवाई रोके जाने की घोषणा की गई। मैं दोहराना चाहूंगा कि यह केवल सैन्य कार्रवाई की समाप्ति है, संघर्ष विराम नहीं है। देखिए, आने वाले दिनों और हफ्तों में चीजें कैसे सामने आती हैं।



### पाक को आतंकवाद के रास्ते पर चलने की कीमत चुकानी होगी

उन्होंने कहा कि कई लोगों ने सैन्य कार्यवाही के निलंबन के बारे में सवाल उठाए हैं और कहा है कि क्या यह अच्छी बात है। उन्होंने कहा, यदि आप तथ्यों और आंकड़ों पर विचार करें, खास कर युद्ध की लागत पर, तो आपको एहसास होगा कि एक बुद्धिमान व्यक्ति बहुत अधिक या अपूर्णीय नुकसान होने से पहले ही निर्णय ले लेता है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि हमने पाकिस्तान को यह साबित कर दिया है कि उनके आतंकवाद के रास्ते पर चलते रहने की कीमत बहुत अधिक होगी। इसी बात ने उन्हें बाध्य किया और अंततः उनके डीजीएमओ ने संघर्ष विराम की संभावना पर चर्चा करने के लिए हमें फोन किया। उन्होंने कहा कि इसका एक तीसरा पहलू भी है, वह सामाजिक है।

# एलन कोटा में नीट-यूजी रिपीटर्स बैच 14 मई से

**कोटा।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-2025 के बाद एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा में नीट-यूजी 2026 की रिपीटर्स के लिए नए बैच की तिथियों की घोषणा कर दी है। इन बैच में एडमिशन पर 90 प्रतिशत तक एलन फीस में स्कॉलरशिप दी जाएगी। 12वीं पास रिपीटर्स के लिए बैच 14 मई से प्रारंभ होने जा रहे हैं। इसके बाद आगामी तिथियों में हर सप्ताह रिपीटर्स के लिए बैच शुरू होंगे। इसके साथ ही 12 से 17 मई तक एलन कोटा में एडमिशन के लिए एलन स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट (ए-सेट) महाअवसर भी आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत रोजाना एसेट परीक्षा होगी।

### फीस में 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप

एलन कोटा के प्रेसिडेंट विनोद कुमावत ने बताया कि कक्षा 10वीं से 11वीं में जाने वाले स्टूडेंट्स के लिए नीट के नर्चर बैच 15 व 29 मई को शुरू हो रहे हैं। वहीं कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए नीट-2026 की तैयारी के लिए एंथ्यूज बैच 15 मई से शुरू हो रहा है। जेईई-मेन एडवांस्ड की तैयारी के लिए 11वीं के विद्यार्थियों के लिए नर्चर बैच 21 मई से, 12वीं पास के लिए लीडर बैच 25 मई व 13 जून से शुरू हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि नीट-यूजी 2025 के परीक्षार्थियों ने विभिन्न कोचिंग एक्सपर्ट्स एवं संभावित आंसर-की के अनुसार अपने अंकों का आंकलन कर लिया है। ऐसे में यह भी लगभग तय हो गया है कि उन्हें अगले वर्ष नीट-2026 में शामिल होना है। इन स्टूडेंट्स को नीट रिजल्ट्स के बाद आल इंडिया रैंक के आधार पर स्कॉलरशिप दी जाएगी जोकि 90 प्रतिशत तक है।

## तनाव थमने से शेयर बाजार ने लगाई लंबी छलांग, सेंसेक्स 2,975 अंक चढ़ा

**मुंबई (भाषा)।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव कम करने के लिए बनी सहमति का स्थानीय शेयर बाजार ने सोमवार को शानदार स्वागत किया और मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी ने करीब चार प्रतिशत की छलांग के साथ एक कारोबारी सत्र की सबसे ऊंची बढ़त दर्ज की। बीएसई के मानक सूचकांक सेंसेक्स में 2,975.43 अंक की जबर्दस्त तेजी देखी गई जबकि एनएसई निफ्टी ने 916.70 अंक की बड़ी छलांग लगाई। विश्लेषकों ने कहा कि पाकिस्तान के साथ जारी तनाव कम करने के लिए दोनों देशों के बीच सहमति बनने से निवेशकों के बीच सकारात्मक धारणा बनी। इसके अलावा अमेरिका और चीन के बीच सीमा शुल्क संबंधी समझौते की घोषणा से भी निवेशक उत्साहित हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 2,975.43 अंक यानी 3.74 प्रतिशत बढ़कर सात महीने से अधिक के उच्चस्तर 82,429.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 3,041.5 अंक बढ़कर 82,495.97 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला निफ्टी 916.70 अंक यानी 3.82 प्रतिशत की शानदार तेजी के साथ 24,924.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 936.8 अंक बढ़कर 24,944.80 अंक पर पहुंच गया था। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), धातु, रियल्टी और प्रौद्योगिकी शेयरों की अगुवाई में हुई खरीदारी के चलते सेंसेक्स और निफ्टी ने एक कारोबारी सत्र की सबसे बड़ी बढ़त दर्ज की।

## सोने में 3,400 रुपये की गिरावट, चांदी भी 200 रुपये टूटी, 99,700 पर पहुंची

**नई दिल्ली (भाषा)।** अमेरिका द्वारा चीन के आयात पर शुल्क वृद्धि को 90 दिन तक रोकने की घोषणा के बाद कारोबारियों ने सुरक्षित निवेश विकल्प यानी सोने से हटकर खरीदारी की, जिससे राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 3,400 रुपये की भारी गिरावट के साथ 96,550 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 3,400 रुपये गिरकर 96,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। यह 23 जुलाई, 2024 को सोने की कीमतों में 3,350 रुपये की गिरावट के बाद से 10 माह की सबसे बड़ी गिरावट है। शनिवार को 99.9 और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 99,950 रुपये और 99,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा, ''अमेरिका और चीन के बीच व्यापार वार्ता में प्रगति के संकेत और भारत-पाकिस्तान सहित भू-राजनीतिक तनाव में कुछ राहत के बीच सोने की कीमतों में भारी गिरावट आई है।' साथ ही, चांदी की कीमतें शनिवार के बंद भाव 99,900 रुपये प्रति किलोग्राम से 200 रुपये टूटकर 99,700 रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं। सप्ताहांत में जिनेवा में व्यापार वार्ता के बाद, अमेरिका ने चीनी वस्तुओं पर अपनी 145 प्रतिशत शुल्क दर को घटाकर 30 प्रतिशत करने पर सहमति व्यक्त की, जबकि चीन ने 90 दिन की अवधि के लिए अमेरिकी वस्तुओं पर अपनी दर को घटाकर 10 प्रतिशत करने पर सहमति व्यक्त की। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती मापने वाला, डॉलर इंडेक्स 1.42 प्रतिशत बढ़कर 101.76 पर कारोबार कर रहा है।

# मालदीव को दी 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर की वित्तीय मदद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने मालदीव को 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर की आर्थिक मदद की घोषणा की है। यह जानकारी मालदीव स्थित भारतीय उच्चायोग ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उच्चायोग ने बताया कि भारत ने मालदीव सरकार के अनुरोध पर एक और वर्ष के लिए 5 करोड़ डॉलर (करीब 420 करोड़ रुपए) के ट्रेजरी बिल के रूप में मालदीव सरकार को बजट सहायता दी है। भारत के इस कदम से साफ है कि मौजूदा समय में भारत और मालदीव के बीच संबंध लगातार बेहतर हो रहे हैं।



### *मालदीव के विदेश मंत्री ने जताया आभार*

*मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील ने भारत के इस फैसले को लेकर सोशल मीडिया मंच एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, मैं 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल के रोलओवर के माध्यम से मालदीव को महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर और भारत सरकार के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। यह समय पर की गई सहायता मालदीव और भारत के बीच मित्रता के घनिष्ठ संबंधों को दर्शाती है और आर्थिक लचीलेपन के लिए राजकोषीय सुधारों को लागू करने के लिए सरकार के चल रहे प्रयासों का समर्थन करेगी।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

# भारतीय सेना ने आतंकियों को मिट्टी में मिला दिया

पीएम मोदी ने 20 देशों से बात करके पाक को अलग थलग किया

## संबित पात्रा बोले- 50 साल में जो नहीं हो सका वो इस बार हुआ

भाजपा के सांसद संबित पात्रा ने कहा, पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता की मांग को सुना और बिहार की जमीन से बदले का उन्होंने ऐलान किया।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। इस दौरान भाजपा सांसद और प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि भारत ने दुनिया को ऑपरेशन सिंदूर के जरिए अपना दम दिखाया। उन्होंने ये भी कहा कि जो भारत को आंख दिखाएगा, वो मारा जाएगा। संबित पात्रा ने कहा, पहलगाम आतंकी हमले के बाद पीएम मोदी ने जनता की मांग को सुना और बिहार की जमीन से बदले का ऐलान किया। पीएम के एलान के मुताबिक, आतंकियों के ठिकानों को मिट्टी में मिलाने का काम किया गया। फौरन कार्रवाई को लेकर तनाव का माहौल था, पाकिस्तान को भी हमले का अंदाजा था, लेकिन वो हमले की तारीख पता नहीं लगा पाया।

### भारत को आंख दिखाएगा, वो मारा जाएगा

### कई बड़े देशों ने भारत का समर्थन किया

हमले की तारीख पता नहीं लगा पाया पाकिस्तान



भाजपा प्रवक्ता ने आगे कहा, ऑपरेशन सिंदूर का एक पहलू सैन्य कार्रवाई है तो कई गैर सैन्य कार्रवाई भी हुई। सिंधु जल समझौते को स्थगित होने से पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति बेहद खराब होगी। ये असंभव काम इस बार संभव हुआ। पाकिस्तान पर कड़े प्रतिबंध लगाए गए। पाकिस्तान को अलग थलग करने को लेकर पीएम मोदी ने 20 देशों के प्रमुखों से सीधी बात की, तमाम बड़े देशों ने भारत का समर्थन किया। संबित पात्रा ने कहा, 6-7 मई की रात आतंक पर निर्णायक हमला किया गया। दुनिया ने देखा कि भारत सीमा पार आतंकवादियों पर सटीक निशाना लगा सकता है।

**निशाने पर थे आतंकी ठिकाने**

ऑपरेशन का लक्ष्य था- आतंकियों के उन ठिकानों तक पहुंचना जहां अब तक कोई नहीं पहुंच पाया, उसे मिट्टी में मिलना, आतंकियों को मारना, आम नागरिकों और सैन्य ठिकानों को नुकसान नहीं पहुंचाना। उन्होंने आगे कहा, जिन 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया उनमें मुजफ्फराबाद का वो कैंप भी था, जिनमें पहलगाम के आतंकियों को ट्रेनिंग दी गई थी। भारत की सेना, राजनीतिक इच्छाशक्ति और भारतीयों ने सीमा पार आंतकी अड्डों को ध्वस्त किया। बहावलपुर में अमेरिका भी अपना ड्रोन नहीं भेज पाया, लेकिन भारत ने वहां भी आतंकी ठिकाने को ध्वस्त किया. ये नया भारत घुसकर मारता है।

**पाकिस्तान को घेरा**

संबित पात्रा ने आगे कहा, ऑपरेशन सिंदूर सौ प्रतिशत सफल रहा। राफेल के साथ जितने पायलट गए थे, वो सभी सुरक्षित लौटे। पाकिस्तान के हमले के जवाब में भारत ने उनके ग्यारह एयरबेस को तबाह किया। पहली बार किसी देश ने एक परमाणु शक्ति संपन्न देश के एयर फील्ड पर हमला किया। पाकिस्तान ने 9 आतंकी ठिकानों, ग्यारह एयरबेस, सौ से अधिक आतंकी, पचास से अधिक जवान और अपनी इज्जत गंवाई है।

## खरगे बोले- दुनिया को युद्ध की नहीं बुद्ध की जरूरत

कलबुर्गी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ हुए सीजफायर के बारे में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बड़ा बयान दिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि



'मेरा बस यही कहना है कि देश में और पूरी दुनिया में बुद्ध की जरूरत है युद्ध की नहीं। सिर्फ हमारे देश के लिए नहीं बल्कि संसार के लिए बुद्ध की आवश्यकता है। आज हम जो लड़ाइयां देख रहे हैं, जितने भी देश आपस में लड़ाई लड़ रहे हैं उन्हें महात्मा बुद्ध के उसूलों की जरूरत है लेकिन पाकिस्तान हमारे देश में अशांति लाना चाहता है। आतंकियों के जरिए वे यह जो खेल खेल रहे हैं वह उनके और उनकी सामान्य जनता के लिए अच्छा नहीं है। जब हमारे ऊपर मुसीबत आई है तो हमें उससे लड़ना चाहिए और लड़ने के लिए एकता की जरूरत है। हर एक को अपनी भूमिका निभानी चाहिए और देश को बचाना चाहिए।

## चारधामः धूप और बारिश भी नहीं डिगा पाई हौसला, 12 दिन में साढ़े पांच लाख भक्तों ने किए दर्शन

एजेंसी ▶▶| रुद्रप्रयाग

भारत-पाकिस्तान के बीच तनातनी के दरमियान भी चारों धाम यात्रा में जबरदस्त उत्साह है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में तीर्थयात्री चारधाम दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। यहां भक्त भारत माता और भारतीय सेना के जयकारे भी लगा रहे हैं। यात्रा शुरू होने के 12 दिन के भीतर ही साढ़े पांच लाख से अधिक तीर्थयात्री चारों धाम में मत्था टेक चुके हैं। सबसे अधिक उत्साह बाबा केदार के दर पर देखा जा रहा है। यहां कपाट खुलने के बाद 10 दिन में 2,26,853 तीर्थयात्री पहुंचे हैं। भक्तों के उत्साह का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि चारधाम का पल-पल बदलता मौसम भी उनके हौसले को डिगा नहीं पा रहा। तेज धूप और वर्षा में भी तीर्थयात्री कतार में लगकर तल्लीनता के साथ दर्शन के लिए अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहे है। रविवार शाम तक 5,50,505 तीर्थयात्री चारों धाम में दर्शन कर चुके हैं। इनमें से 55,034 तीर्थयात्री रविवार को पहुंचे। इस दरमियान गंगोत्री में 10,773, यमुनोत्री में 9,866, केदारनाथ में 20,424 और बदरीनाथ में 13,971 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।



**सीएम धामी रख रहे नजर**

सरकारी तंत्र तीर्थ यात्रियों की सुगम यात्रा को लेकर भी गंभीर है। प्रशासन ही नहीं, शासन स्तर पर भी लगातार यात्रा की निगरानी की जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं यात्रा का प्रतिदिन अपडेट ले रहे हैं। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी वाईएस पुष्पाण ने बताया कि केदरनाथ आने वाले तीर्थ यात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। प्रतिदिन 18 हजार से अधिक तीर्थयात्री भोले बाबा के दर्शन कर रहे हैं। स्कूलों में ग्रीष्मावकाश होने के बाद यात्रा में वृद्धि की उम्मीद है। इस बार चारधाम यात्रा की शुरुआत 30 अप्रैल को यमुनोत्री व गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ हुई थी। इसके बाद दो मई को केदारनाथ धाम के कपाट खुले और चार मई को बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ यात्रा ने पूर्णता प्राप्त की। पहले दिन से ही यात्रा में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है, जो निरंतर जारी है।

## प्रेम प्रसंग में बाधा बनने पर की गई थी सौरभ की हत्या : पुलिस का आरोप पत्र

मेरठ (उप्र) (भाषा)। उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में हुए सौरभ राजपूत हत्याकांड में पुलिस ने लगभग एक हजार पन्नों का आरोप पत्र सोमवार को अदालत में दाखिल किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, मेरठ जिले के ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र के इंदिरानगर निवासी मुस्कान रस्तोगी ने अपने प्रेमी साहिल शुक्ला के साथ मिलकर अपने पति सौरभ राजपूत की तीन मार्च को कथित रूप से हत्या कर दी थी। दोनों ने शव के चार टुकड़े कर उन्हें एक ड्रम में डालकर सीमेंट भर दिया था। वारदात के बाद दोनों हिमाचल प्रदेश चले गए थे। इस घटना ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सौरभ राजपूत की हत्या तंत्र-मंत्र के कारण नहीं, बल्कि प्रेम संबंध में बाधा बनने के कारण की गई थी। मुस्कान रस्तोगी को उसके प्रेमी साहिल शुक्ला के साथ 19 मार्च को गिरफ्तार किया गया था।

### पाकिस्तान के हैकर कर सकते हैं साइबर हमला

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने सोमवार को लोगों के लिए जारी परामर्श में कहा कि पाकिस्तान में बैठे हैकर



साइबर वायरस के जरिए व्यक्तिगत और बैंकिंग जानकारी चुरा सकते हैं, अतः उन्हें सतर्क रहने की जरूरत है। पंजाब पुलिस ने अज्ञात लिंक या संदेशों पर क्लिक नहीं करने की सलाह दी। एक्स पर पंजाब पुलिस ने जानकारी साझा की।

### राम पर टिप्पणी, राहुल के खिलाफ परिवाद

वाराणसी। अमेरिका के एक विश्वविद्यालय में भगवान राम को कथित तौर पर पौराणिक और



काल्पनिक बताए जाने को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ सोमवार को वाराणसी की एक अदालत में परिवाद दाखिल किया गया। इस परिवाद में कांग्रेस पार्टी को भी पक्षकार बनाया गया है। सुनवाई के लिए 19 मई को होगी।

उच्च न्यायालय से लगा एल्विश को झटका

## कोर्ट ने की याचिका खारिज कहा-सच का पता लगाएंगे

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने यूट्यूबर एल्विश यादव की वह याचिका सोमवार को खारिज कर दी जिसमें सांप के कथित रूप से दुरुपयोग को लेकर उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमे और आरोप पत्र को चुनौती दी गई थी। आरोप पत्र में एल्विश यादव के खिलाफ रेव पार्टियां आयोजित कर विदेशियों को सांप के जहर का नशा करने के लिए आमंत्रित करने का भी आरोप लगाया गया है। न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव ने मौखिक रूप से कहा



कि आरोप पत्र और प्राथमिकी में यादव के खिलाफ बयान हैं और इन आरोपों की सच्चाई का मुकदमे के दौरान पता लगाया जाएगा। अदालत ने इस टिप्पणी के साथ याचिका खारिज कर दी। यादव की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता नवीन सिन्हा और अधिवक्ता निपुण सिंह ने दलील दी।

## अमेरिका, चीन में अधिकतर शुल्क पर 90 दिन की रोक लगाने पर सहमति

भाषा ▶▶| जेनेवा

अमेरिका और चीन ने हाल ही में एक-दूसरे पर लगाए भारी शुल्क में से अधिकतर पर 90 दिन की रोक लगाने को लेकर दोनों देशों के बीच सहमति बनने की सोमवार को जानकारी दी। इससे शेयर बाजारों में उछाल आया है क्योंकि विश्व की दो प्रमुख आर्थिक शक्तियों ने टकराव से एक कदम पीछे हटा लिया जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था अस्थिर हो गई थी। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर ने कहा कि अमेरिका ने चीनी वस्तुओं पर 145 प्रतिशत शुल्क दर का 115 प्रतिशत घटाकर 30 प्रतिशत करने पर, जबकि चीन ने अमेरिकी वस्तुओं पर अपनी दर को भी इतना की कम कर 10 प्रतिशत करने पर सहमति व्यक्त की है।

### व्यापार मुद्दों पर वार्ता जारी रखने की रूपरेखा तैयार

ग्रीर और अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने जेनेवा में संवाददाता सम्मेलन में शुल्क कटौती की घोषणा की। इसके अलावा दोनों पक्षों ने अपने व्यापार मुद्दों पर चर्चा जारी रखने की रूपरेखा तैयार की है। दो दिन की वार्ता के बाद संवाददाता सम्मेलन में बेसेंट ने कहा कि उच्च शुल्क स्तर से दोनों पक्षों के सामान पर पूरी तरह रोक लग गई ऐसा परिणाम कोई भी पक्ष नहीं चाहता। बेसेंट ने कहा, " इस सप्ताहांत दोनों प्रतिनिधिमंडलों की आम सहमति यह है कि कोई भी पक्ष अलगाव नहीं चाहता है। इन उच्च उच्च शुल्क से जो हुआ ... वह अवरोध के बराबर था। कोई भी पक्ष ऐसा नहीं चाहता। हम व्यापार चाहते हैं। हम अधिक संतुलित व्यापार चाहते हैं। मुझे लगता है कि दोनों पक्ष इसे हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने इस समझौते को दोनों देशों के मतभेदों के समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया और कहा कि यह आगे के सहयोग की नींव तैयार करता है।

